
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमाः-सलमान खान के शो में अब होगी 'गंदी बात

वर्ष -08 अंक -167 प्रयागराज, गुरुवार, 15 सितम्बर, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बाढ़ के बाद अब डेंगू का कहर नौ लोगों की हुई मौत

**इस्लामाबाद।** अहुल पाकिस्तान में भीषण बाढ़ के बाद अब डेंगू के मरीजों की तादाद में जबरदस्त इजाफा हुआ है। मरीजों की तादाद इतनी ज्यादा है कि आम लोगों में दहशत फैला हुआ है। पाकिस्तान पहले से ही बाढ़ जैसी आपदा परेशानियों से जूझ रहा है। इस बीच डेंगू के बढ़ते मामलों ने प्रशासन की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, राहत और बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने डेंगू, मलेरिया और गंभीर गैस्ट्रिक संक्रमण की चेतावनी दी है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक सिंध प्रांत में स्वास्थ्य अधिकारियों ने डेंगू बुखार के



लगभग 3,830 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें कम से कम नौ लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन के महासचिव अब्दुल गफूर शोरो ने कहा, सिंध में स्थिति बेहद खराब है, हम पूरे प्रांत में चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहे हैं। अब हम जो अधिकांश मामले देख रहे हैं, वे डेंगू के हैं, इसके बाद मलेरिया के अधिक मामले सामने आ रहे है।उन्होंने कहा, डेंगू का संक्रमण पूरे प्रांत में देखा जा सकता है और यह प्रतिदिन बढ़ रहा है। संदिग्ध मामले लगभग 80 प्रतिशत परीक्षण किए जा रहे हैं। कराची के आगा खान अस्पताल में डेंगू के कई मरीजों का इलाज कर रहे शोरो ने बीबीसी को बताया कि आने वाले हफ्तों में स्थिति और खराब होने वाली है। इस बीच, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के ताजा अपडेट के अनुसार, इस मौसम में हुई मानसूनी बारिश और बाढ़ से पाकिस्तान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,486 हो गई है, जबकि 12,749 घायल हुए हैं।

### महंगाई पर घिरी केंद्र सरकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में बढ़ी महंगाई को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्र पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा 17 महीनों से थोकमूल्य आधारित महंगाई दो अंकों की हो गई है। इसी महंगाई को लेकर सरकार ने चुप्पी साध रखी है। इसे ही तोड़ने के लिए कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की है। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश ने ट्वीट किया। इसमें कहा, 'मोदी सरकार कमर तोड़ महंगाई पर चुप क्यों है।

## पश्चिमी देशों को रूस का दो टूक जवाब, कहा भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति रहेगी जारी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रूस द्वारा भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति जारी रहेगी और द्विपक्षीय व्यापार नए रिकार्ड बनाएगा। दोनों देशों के बीच किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में कहा कि भारत को सस्ते प्रस्तावों की और रूस को नए बाजारों की तलाश है। इसलिए दोनों देशों के बीच किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। डेनिस अलीपोव ने कहा,



'भारत एक उपभोक्ता के तौर पर स्वाभाविक रूप से सबसे सस्ते प्रस्तावों की तलाश में है और रूस भी नए बाजारों की तलाश कर रहा है। इसलिए सवीत्तम उपलब्ध विकल्पों और सवीत्तम उपलब्ध प्रस्तावों के बीच यह एक कनेक्शन व्यापार को चला रही है। हमें लगता है कि यह प्रवृत्ति संरचित तरीके से जारी रहेगी।' उन्होंने कहा, 'वर्ष के अंत तक ऊर्जा बाजार कैसा दिखेगा, इस स्थिति को कोई नहीं जानता है। हम दीर्घकालिक व्यवस्था और समझौतों के आधार पर चल रहे संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में अपने संबंधों को और विस्तारित करना चाहते हैं।' बता दें कि एक अनुमान के मुताबिक, भारत को रूसी तेल निर्यात में भारी उछाल देखने को मिला है, क्योंकि इस साल यह 10 गुना बढ़ गया है और रूसी कच्चा तेल अब भारत के आयातित तेल की खपत का लगभग 10 प्रतिशत पूरा कर रहा है। राजदूत ने कहा, 'व्यापार की वैल्यू 11.5 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंच चुकी है। हम इस वर्ष तक अपने व्यापार में संभवतः एक नया रिकार्ड बनाएंगे, जैसा कि हमने पहले किया था जब हमारा व्यापार 13.6 अरब अमेरिकी डालर था।'रूसी राजदूत ने कहा कि भारत और रूस ऊर्जा क्षेत्र में संबंधों को और बढ़ाना चाहते हैं क्योंकि भविष्य में स्थिति अप्रत्याशित है। यूरोप और अमेरिका ने भारत और चीन में रूसी निर्यात में भारी उछाल देखने के बाद आपत्ति व्यक्त की थी। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया टिप्पणी की सराहना की और दोहरे मानकों का अभ्यास करने के लिए पश्चिमी देशों पर निशाना साधा। मालूम हो कि रूसी तेल निर्यात पर पहले से ही कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। जिसे मास्को ने अंतरराष्ट्रीय कानून की प्रथाओं के खिलाफ बताया था और उसने यूरोपीय देशों को गैस की आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी है।

## चीतों को लाने के लिए नामीबिया पहुंचा स्पेशल विमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। इस साल पीएम का जन्मदिन खास होने वाला है। इस दिन भारत की धरती पर करीब सात दशक बाद चीतों का एक दल उतरने वाला है। 70 साल बाद नामीबिया से आठ चीते भारत



पहुंचे जाएंगे। इन सभी चीतों को उसी दिन दो हेलीकॉप्टरों द्वारा कुनो ले जाया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्वारंटाइन सेंटर से उन्हें पार्क में छोड़ देंगे। चीतों को लाने के लिए भारत का स्पेशल विमान नामीबिया पहुंच चुका है। इस स्पेशल विमान पर चीतों की खूबसूरत पेटिंग की गई है। जानकारी के मुताबिक, चीतों को पहले नामीबिया से कागी विमान के जरिए जयपुर लाया जाएगा। इसके बाद हेलीकॉप्टर से उसी दिन मध्य प्रदेश के कूनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान लाया जाएगा। जिन्हें पीएम मोदी अपने जन्मदिन पर देश को सौंपेंगे। नामीबिया में भारत के उच्चायोग ने ट्वीट किया बाघ की भूमि में सद्भावना राजदूतों को ले जाने के लिए बहादुर की भूमि में एक विशेष पक्षी दूत आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिवस 17 सितंबर (शनिवार) को श्योपुर के कराहल आ रहे हैं। यहां वह नामीबिया के चीतों को कुनो नेशनल पार्क के क्वारंटाइन बाड़े में छोड़ेंगे। इसके साथ ही कराहल में आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह में शामिल होकर आत्मनिर्भर बहनों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारत आने वाले इन 8 चीतों की तस्वीरें जारी की गई हैं।

## पाकिस्तान-अमेरिका के बीच हुई सीक्रेट डील के क्या हैं मायने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और अमेरिका के बीच पिछले कुछ दिनों से रिश्तों में जो बदलाव देखने को मिला है उसके राजनीतिक और रणनीतिक हलकों में मायने भी काफी खास हैं। जानकारों की मानें तो ये बदलाव रातों रात नहीं आया है बल्कि इसमें पिछले कई महीनों का समय लगा है। दरअसल, बीते



कुछ समय में पाकिस्तान लगातार किसी न किसी बहाने से अमेरिका के करीब पहुंचने की कोशिश करता रहा है। चाहे वो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज के बहाने हुई उसके वरिष्ठ अधिकारियों की विदेश यात्रा हो या फिर पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष की सीक्रेट यूएस वीजिट। इन सभी ने अमेरिका और पाकिस्तान के बीच के रिश्तों की नहीं कहानी लिखी है।आपको बता दें कि पाकिस्तान की राजनीति में इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इस बात को लेकर काफी बवाल मचाया था कि सेनाध्यक्ष को आईएमएफ से कर्ज लेने के लिए आगे किया गया है। उन्होंने इसके लिए शहबाज शरीफ सरकार की कड़ी आलोचना भी की थी। लेकिन यहां पर एक सवाल ये भी है कि सिर्फ ये मुलाकात या पिछले दिनों जो कुछ हुआ वो एक तरफा ही हुआ होगा। जवाहरलाल नेहरू के प्रोफेसर एचएस भास?कर ऐसा नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि इसकी शुरुआत भले ही एकतरफा हुई थी, लेकिन बाद में ये एक बड़ी डील में तब्दील हो गई है।ये डील सीक्रेट तौर पर अमेरिका के लिए अपना एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देना रही है। इस डील के ऐवज में पाकिस्तान ने एफ- 16 फाइटर जेट के लिए एक पैकेज हासिल किया है। प्रोफेसर भास्कर मानते हैं कि तालिबान ने अलकायदा प्रमुख की अमेरिकी ड्रोन हमले में मौत को लेकर जो शक जाहिर किया था वो यूं ही नहीं था। अब धीरे-धीरे ये बात सही साबित हो रही है। पाकिस्तान और अमेरिका के बीच ये डील केवल यही तक हुई होगी ऐसा भी नहीं लगता है, लेकिन फिलहाल इस बारे में कहपाना काफी मुश्किल है।

## यूपी के लखीमपुर में दलित बहनों की हत्या मामले में सभी 6 आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** यूपी के लखीमपुर खीरी में दलित बहनों के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में सभी छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी छोटू गौतम ने कबूल किया है कि वह एक लड़की से शादी करना चाहता था, लेकिन जब



उसने मना कर दिया तो उसने अपने दोस्तों के साथ लड़कियों का अपहरण कर उनसे बलात्कार किया। इसके बाद उनके शवों को पेड़ पर लटकाने से पहले उनकी हत्या कर दी। दूसरी ओर उज्बेकिस्तान के समरकंद में आज से दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी भी हिस्सा लेने वाले हैं। कोविड महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद प्रत्यक्ष रूप से यह पहला सम्मेलन है। इस सम्मेलन में समूह के सभी आठ सदस्य देशों के प्रमुख दूसरे देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं। गोवा भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस के पूर्व नेता दिगंबर कामत ने आज अलग तर्क दिया है। उन्होंने कहा कि मैं एक मंदिर गया और भगवान से पूछा कि मेरे मन में भाजपा में शामिल होने की बात चल रही है, मैं क्या करूं। कामत ने कहा कि इसके बाद भगवान ने जवाब दिया कि तुम आगे बढ़ो, चिंता मत करो। मलेशिया के पूर्व कैबिनेट मंत्री और मलेशिया के पहले प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित डा एस. सैमी वेल्लू का निधन हो गया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर दुख जताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई है।

## आंध्र प्रदेश में नष्ट की गई 5.47 करोड़ रुपये की अवैध शराब, तेलंगाना से 2.43 लाख बोतलें की गईं जब्त


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने बुधवार को तेलंगाना से अवैध रूप से ले जाई गई 2.43 लाख शराब की बोतलों को जब्त कर नष्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार, बोतलों में 5.47 करोड़ रुपये की शराब थी। एनटीआर जिले के नंदीगामा में शराब की बोतलें नष्ट कर दी गईं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शराब की बोतलें नष्ट की गईं। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआई ने दी। इस मामले की और अधिक जानकारी देते हुए विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त कांथी राणा टाटा ने कहा कि तेलंगाना से अवैध रूप से शराब की बोतलें ले जाईं गईं थीं। अब तक हमने 2,000 लीटर अवैध शराब को नष्ट कर दिया है और 226 मामले दर्ज किए हैं।साथ ही कहा कि राज्य सरकार के आदेश पर आंध्र प्रदेश पुलिस शहर के बाहरी इलाके में चेक पोस्ट पर औचक छापेमारी कर रही है। अन्य राज्यों से आंध्र प्रदेश में अवैध शराब परिवहन की रिपोर्टों के बाद यह कदम उठाया गया है। एलुरु के



पुलिस अधीक्षक (एड्) राहुल देव ने कहा कि आंध्र प्रदेश में हमने राज्य के बाहर से आने वाली अवैध शराब पर कार्रवाई की है। हम पिछले दो सालों से कार्रवाई कर रहे हैं। हम सीमा पर बनी चेक पोस्ट पर छापेमारी कर रहे हैं। जब भी हमें अवैध शराब के संबंध में सूचना मिली, हमने उस पर कार्रवाई की है।

## उत्तराखंड सहित इन राज्यों में अगले 3 दिन होगी झमाझम बारिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात और अरब खाड़ी की तरफ से चल रही सर्द हवाओं की वजह से मानसून एक्टिव हुआ है। यही कारण है कि आखिरी पड़ाव में जमकर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आज यानी गुरुवार से तीन दिन तक यूपी , उत्तराखंड राजस्थान व हिमाचल में भारी बारिश होगी। मौसम विभाग इन राज्यों में अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक 15 सितंबर को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र व गोवा में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है। दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों की बात करें तो यहां सुबह से बादल छाए हुए है। कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। यूपी में मानसून की जोरदार वापसी हो गई है। लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों में रात से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज यानी गुरुवार को प्रदेश के 42 जिलों में झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मऊ, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, गोंडा, आयोध्या, प्रतापगढ़, संत रविदास नगर, मिर्जापुर, कौशांबी, चित्रकूट, बांदा, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, लखनऊ, उननव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, हमीरपुर, झांसी, जालौन, इटावा, औरैया, कननैज, हरदोई, मेरठ, नोएडा,



गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, सोनभद्र, आगरा, जालौन, गाजियाबाद, पीलीभीत, फैजाबाद में बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में आज से तीन दिनों तक बादल जमकर बरसने का अनुमान है। जिसका असर सबसे ज्यादा पूर्वी जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा तथा उदयपुर संभाग में अधिकांश स्थानों पर तथा पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में बारिश होगी। जो कुछ इलाकों में भारी से अति भारी गति से बरसेगी। आईएमडी के मुताबिक गुरुवार को प्रदेश में भारी से अति भारी बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट में आज यानि गुरुवार को पूर्वी राजस्थान के भरतपुर व धौलपुर में भारी से अति भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पूर्वी राजस्थान के अलवर, बारां, दौसा, झालावाड़, करौली और सवाई माधोपुर में भारी तथा अजमेर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा,बूंदी, चित्तौडगढ़., डूंगरपुर, जयपुर, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक व उदयपुर के अतिरिक्त पश्चिमी राजस्थान के पाली जिले में गरज के साथ बादलों के हल्की गति में बरसने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश के बाद मौसम बदल गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गुरुवार को भी दिन भर बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने और ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने के आसार हैं।

## गड्ढों से परेशान इस शख्स ने सड़क पर लेटकर किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कई जिलों में पिछले दिनों जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते राजधानी बेंगलुरु समेत राज्य के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति उत्पनन हो गई। वहीं, अभी भी राज्य में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश के चलते हो रही परेशानियों को लेकर लोगों की नाराजगी प्रशासन के खिलाफ है। कर्नाटक के उडुपी जिले में एक सामाजिक कार्यकर्ता ने सड़कों पर हुए गड्ढों के खिलाफ अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। नित्यानंद ओलाकुड नाम के सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रशासन का ध्यान इन गड्ढों पर खींचने के लिए उसने सड़क पर लेटकर प्रदर्शन किया। इस दौरान



उसके साथ मौजूद लोग ढोल-नगाड़ा बजाकर उसके विरोध प्रदर्शन को सपोर्ट कर रहे हैं। वह ऊबड़-खाबड़ सड़क पर लेटकर लोगों का ध्यान पानी से भरे इन गड्ढों की ओर आकर्षित कर रहा है। बता दें कि बारिश के चलते कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पिछले दिनों जलभराव की भीषण स्थिति पैदा हो गई थी। कई दिनों तक सड़कों पर पानी भरा रहा था। लोगों को ऑफिस जाने और बच्चों को स्कूल छोड़ने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। वहीं, अभी पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में हो रही बारिश के चलते कर्नाटक की कई नदियां ऊफान पर हैं। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र के सूत्रों ने कहा कि कृष्णा, भद्रा, तुंगा, भीम, घटप्रभा, मालप्रभा, मार्कंडेय हिरण्यकेशी और कई अन्य छोटी नदियां और नालों का बहाव पहले से बहुत ज्यादा हो गया है।

## बेदखली अभियान के दौरान पुलिस से भिड़े स्थानीय लोग, बोले- ये हमारे पूर्वजों की जमीन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मणिपुर।** मणिपुर के चिंगमीरोंग में पुलिस की टीम पर हमला हुआ है। बेदखली अभियान का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच भिड़ंत हो गई। पुलिस फोर्स बुधवार को इंफाल पूर्वी जिले के चिंगमीरोंग में बेदखली अभियान के लिए पहुंची थी, तभी स्थानीय लोगों ने पुलिस को घेर लिया और हमला कर दिया। मणिपुर हाईकोर्ट के आदेश के बाद



पुलिस इंफाल पूर्वी जिले में जमीन से अवैध कब्जे को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा बेदखली अभियान चलाने के लिए पहुंची थी। हालांकि भारी प्रदर्शन के चलते बेदखली अभियान नहीं शुरू हो सका। विरोध कर रहे लोगों ने मेन रोड को भी जाम कर दिया।प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों ने दावा किया कि यह क्षेत्र उनके पूर्वजों का है। उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर के राजस्व विभाग ने भूमि रिकॉर्ड में हेरफेर किया है।समाचार एजेंसी से बात करते हुए चिंगमीरोंग विकास संगठन के अध्यक्ष ए शर्मा ने कहा, 'हम हाईकोर्ट के फैसले का विरोध कर रहे हैं क्योंकि राजस्व विभाग द्वारा भूमि प्रमाण पत्र देने में हेरफेर किया गया है। यह क्षेत्र प्राचीन समय से हमारे पूर्वजों और चिंगमीरोंग के लोगों का है।' उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र पर दावा करने के लिए आने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम अपनी मांगों पर कायम रहेंगे और जमीन का बलिदान नहीं देंगे।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की कार से टकराई बाइक

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से जंग जारी है। लंबा समय से चल रही जंग अभी तक किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है। इसी बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एक हादसे का शिकार हो गए हैं। जेलेंस्की की कार की टक्कर हो गई है। राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने स्थानीय मीडिया



के हवाले से इसकी जानकारी दी है। जेलेंस्की के प्रवक्ता ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति की कार की एक बाइक से टक्कर हो गई है। मीडिया पोर्टल के मुताबिक, हादसे के बाद डाक्टर ने जांच की और बताया कि राष्ट्रपति गंभीर रूप से घायल नहीं है। जेलेंस्की के साथ आए डॉक्टरों ने कार चालक को भी चिकित्सा सहायता दी और उन्हें एंबुलेंस में भेज दिया। राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे की जांच की जाएगी।रूस और यूक्रेन के बीच पिछले करीब सात महीनों से जारी युद्ध नए चरण में प्रवेश कर गया है। यूक्रेन की सेना अब आक्रामक हो गई है। कीव की सेना ने पूर्व के कुछ हिस्सों में रूस को बड़ा झटका दिया है। रूस की सेना को इलाके से पीछे हटना पड़ा है। कई क्षेत्रों में रूसी सैनिक हथियार छोड़कर भाग रहे हैं।

# यूपी के 144 न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति

## इलाहाबाद हाई कोर्ट के महानिबंधक ने जारी की अधिसूचना



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की जिला अदालतों में तैनात 144 न्यायिक अधिकारियों की पदोननति की गई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग ने अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक पदोननति के लिए न्यायिक अफसरों का 11 जून 2022 को टेस्ट हुआ था। उसका परिणाम आने के बाद मुख्य व अपर न्यायिक मजिस्ट्रेटों की अपर जिला न्यायाधीश पद पर पदोननति की गई है। जल्दी ही इन अफसरों की नई जगह तैनाती की संभावना है। जनपद न्यायालय के नए जिला जज संतोष राय का अधिवक्ताओं ने संघ भवन में माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में जिला जज ने कहा कि वह सभी समस्याओं का ईमानदारी से निराकरण करेंगे। स्वागत समारोह में अध्यक्ष गिरीश तिवारी, मंत्री विद्यावारिधि मिश्र, संयुक्त मंत्री रेवती रमण त्रिपाठी ने स्मृति चिह्न देकर जिला जज का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि व श्रीप्रकाश शुक्ल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान सीजेएम हरेंद्र नाथ समेत संघ के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# प्रयागराज में घर से निकला युवक गहरे नाले में मिला मृत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जार्जटाउन के चिंतामणि रोड निवासी 24 वर्षीय रिषभ प्रकाश धुरिया बुधवार देर शाम घर से कहीं जाने के लिए निकला। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात तक वापस न लौटने पर घरवालों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह टहलने निकले लोगों ने नाले में एक युवक की लाश पड़ी देखी। कुछ ही देर में भीड़ जुट गई।इस बारे में खबर पाकर जार्जटाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को नाले से बाहर निकलवाया गया। इसी बीच कुछ लोग पहुंचे और बताया कि लाश रिषभ प्रकाश धुरिया की है। उसके घरवाले भी आ गए। पुलिस ने बातचीत की तो बताया गया कि वह बुधवार देर शाम से ही गायब था। उसकी किसी से रंजिश नहीं थी। जार्जटाउन पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि रिषभ की मौत पानी में डूबने से हुई या फिर कोई और वजह थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है।



# यूपी मे दो बहनों की रेप के बाद निर्मम हत्याकांड के अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।**उत्तर-प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना क्षेत्र के एक गांव में दो बहनों की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गुरुवार को पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस की।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने बताया कि दुष्कर्म के बाद दोनों बहनों की हत्या की गई थी। वारदात में कुल छह लोग शामिल हैं। नामजद छोटू समेत छह आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।आरोपियों में छोटू,सुहेल, जुनैद, हफीजुल्लाह, करीमुद्दीन, आरिफ शामिल हैं। एक अभियुक्त जुनैद को पुलिस ने झंडी चौकी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी जुनैद के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने पॉक्सो और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कल ऐसी बात सामने आई थी कि पुलिस ने जबरन पोस्टमार्टम कराया, जोकि गलत है। आरोपियों के कपड़े का और उनका डीएनए टेस्ट भी कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने बताया कि दुष्कर्म के बाद हत्या की वारदात में कुल छह लोग शामिल हैं।नामजद छोटू समेत छह अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं।आरोपी छोटू, सुहैल, जुनैद, हफीजुल्लाह, करीमुद्दीन आरिफ हैं।एक अभियुक्त जुनैद की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी हुई है। जुनैद के पैर में गोली लगी है।पांच अभियुक्त एक ही गांव के रहने वाले हैं। सभी आरोपी आपस में दोस्त हैं। मुख्य साजिश कर्ता पड़ोस में रहने वाले छोटू ने ही किशोरियों से सुहैल और जुनैद की दोस्ती कराई थी।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीडि.त परिवार के पड़ोस में रहने वाला छोटू घटना के दौरान मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी दोनों बहनों को बहला फुसला के खेत में ले गए थे।एसपी ने मीडिया को बताया कि सुहैल और जुनैद ने पूछताछ में दुष्कर्म की बात स्वीकारी है। बुधवार को आरोपी बहला फुसलाकर दोनों लड़कियों को खेत में ले गए थे और वहां दुष्कर्म किया।



# श्री मठ बाघम्बरी गद्दी पहुंची CBI खोला गया नरेंद्र गिरि का कमरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी में आज एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (ँण्घ) की टीम पहुंची है। यहां महंत नरेंद्र गिरि के उस कमरे को खोला गया है, जिसे सीबीआई की ओर से सील किया गया था। सीबीआइ की टीम साक्ष्य संकलन के दौरान मौजूद रहे चीजों का मिलान पूर्व में बनाई सूची से कर रही है। सबूतों से किसी तरह की छेड़छाड़ किए जाने की भी तस्दीक कर रही है। बताया गया है कि सीबीआइ के एडिशनल एसपी और इंस्पेक्टर सुबह 11:30 बजे यहां पहुंची और फिर सूची के आधार पर सामानों का मिलान कराया जा रहा है। सीबीआइ के साथ ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद हैं। इसके अलावा बैंक के अधिकारी और रजिस्ट्रार भी हैं। कहा जा रहा है कि कमरे में काफी रकम रखी है। सीबीआइ की ओर से मठ के कमरे में मीडिया के प्रवेश पर रोक लगा दी है। कहा जा रहा है की महंत नरेंद्र गिरि के आत्महत्या की जांच के दौरान सीबीआइ ने मठ के परिसर में बने ऊपर वाले कमरे को सील किया था। यहीं पर नरेंद्र गिरि विश्राम करते थे। आत्महत्या से पहले उन्होंने अपने बाजूबंद, माला सहित कई चीज को उतार कर रखा था। फिलहाल पुलिस अधिकारी इस मामले में अभी कुछ नही बोल रहे हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मृत्यु पिछले साल 20 सितंबर को हुई थी। अल्लापुर स्थित मठ के अथिति कक्ष में उनका शरीर पंखे में बंधी रस्सी के फंदे से लटका मिला था।



# 15 से 30 सितम्बर तक बनेंगे नि:शुल्क आयुष्मान गोल्डेन कार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला ने अवगत कराया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित पात्र परिवारों को योजना का लाभ लेने हेतु परिवार के प्रत्येक सदस्य के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है। योजना से आच्छादित जनपद प्रतापगढ़ में कुल परिवार 277933 कुल लाभार्थियों की संख्या 1233285 के सापेक्ष अब तक बनाये गये कुल परिवारों की संख्या 126464 तथा कुल लाभार्थियों की संख्या 319972 का कार्ड बनवाय जा चुका है। उन्होने बताया है कि वर्तमान में कुल 126908 परिवारों के 913313 लाभाथियों का गोल्डेन कार्ड बनाया जाना शेष है। शेष लाभाथियों का गोल्डेन कार्ड का लक्ष्य पूर्ण किये जाने हेतु 15 सितम्बर से 30 सितम्बर 2022 तक ''आयुष्मान पखवाड़ा'' के दौरान निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान चलाया जाना है। इस अभियान के दौरान विशेष रूप से ऐसे सभी परिवार को लक्षित किया जाना है जिनमें किसी भी सदस्य के पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में आशा, आरोग्य मित्र, पंचायत सहायकों, जन सेवा केन्द्र के वीएलई, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कोटेदार के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने जन सामान्य से अपील की है कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आने वाले लाभार्थी अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भवन पर अवश्यक दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, राशन कार्ड ले जाकर अपना आयुष्मान कार्ड आवश्यक रूप से बनवायें और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाते हुये किसी भी आवांछित बीमारी से अथवा दुर्घटना के समय 5 लाख का इलाज/आपरेशन आदि की सुविधा निशुल्क पाये। किसी भी आवश्यक जानकारी एवं सहायता हेतु टोल फ्री नम्बर 180018004444 एवं 14555 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मूल्यांकन सूची में 21 सितम्बर तक प्रस्तुत करें आपत्ति-एडीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जनसामान्य को सूचित किया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) हेतु जन सामान्य की आपत्ति 21 सितंबर तक की जा सकती है। इस हेतु (तृतीय संशोधन) अधिसूचना दिनांक 01 दिसम्बर 2015 उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) 2022 तथा महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों के दिनांक 01 अक्टूबर 2022 से प्रभावी होने वाले मूल्यांकन सूची में संशोधन का प्रस्ताव समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में उपलब्ध है। मूल्यांकन सूची में आपत्ति आमंत्रित करने हेतु दिनांक 21 सितम्बर 2022 तक का समय निर्धारित किया गया है। मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, समस्त तहसीलदारों, समस्त उप निबन्धकों के कार्यालय में विलम्बतम् दिनांक 21 सितम्बर तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ताकि दिनांक 24 सितम्बर तक आपत्तियों का निस्तारण करते हुये दिनांक 01 अक्टूबर 2022 से मूल्यांकन सूची प्रभावी किया जा सके। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

# महाकुंभ से पहले अत्याधुनिक सिक्योरिटी सिस्टम कवच से लैस होगा दिल्ली हावड़ा ट्रैक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे में ट्रेन और पैसेंजर की सुरक्षा की दिशा में इस सदी का सबसे बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ट्रेनों की सुरक्षा के लिए एक अत्याधुनिक भारतीय तकनीक को लागू किया जा रहा है। ट्रेन हादसे रोकने के लिए रेलवे समय-समय पर योजनाओं और तकनीकों का इस्तेमाल करता है। उसी दिशा में ट्रेनों में ट्रेन कॉलिजन अवायडेंस सिस्टम (टीसीएएस) यानी कवच लगाने की दिशा में पहली प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और प्रथम चरण का आवंटन भी हो गया है।महाकुंभ से पहले प्रयागराज मंडल में कवच प्रणाली से लैस ट्रेनें ट्रैक पर दौड़ती नजर आएंगी।। इस तकनीक से ट्रेनें लाल सिगन्ल पार नहीं करेंगी। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्स आर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने इसे विकसित किया है। इस तकनीक का प्रयोग ट्रेन और स्टेशन दोनों स्थानों पर होगा। दो चरणों में होगा कार्य उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में महाकुंभ के पहले कवच प्रणाली काम करने लगेगी। दो चरणों में इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा इसके लिए कुल 358.91 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले चरण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है और टेंडर करनेक्स-केईसी कंसट्रक्शन को मिला है। इसी महीने में दूसरे चरण के टेंडर प्रक्रिया का आवंटन भी पूरा हो जाएगा।मिशन रफ्तार के तहत दिल्ली हावड़ा रूट पर ट्रेनों को 160 किमी की रफ्तार से चलाने की तैयारी चल रही है। ऐसे में संरक्षण को लेकर ही कवच तकनीक को अपनाया जा रहा है। इससे घने कोहरे में लाल सिगन्ल न देख पाने की समस्या खत्म होगी। ट्रेनों की लेटलतीफी कम होगी और ट्रेनों की टकराहट शून्य होगी। कभी ट्रेन बेपटरी हुई तो ट्रेन के इंजन रुकते ही 10 सेकेंड के अंदर एक इमरजेंसी मैसेज तीन किमी के दायरे में प्रत्येक ट्रेनों में पहुंच जाएगा, जिससे संबंधित लाइन पर आ रही ट्रेनें तत्काल जहां होंगी रोकी जा सकेंगी। कवच तकनीक इतनी अधिक एडवांस है कि यह ट्रेन संचालन को बहुत ही सुगम बना देगा। कवच तकनीक ट्रेन के लोको इंजन व स्टेशन पर लगेगी। दोनों सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। स्टेशन की सूचना चालक को और लोको इंजन की सूचना स्टेशन को मिलेगी। सेक्शन में ट्रेन की अधिकतम स्पीड निर्धारित होगी और उससे अधिक अगर स्पीड बढ़ती है तो यह तकनीक खुद ही ब्रेक लगा देगी। इसके अलावा लाल सिगन्ल आने, लेवल क्रासिंग का गेट के खुला होने, ओवर स्पीड पर यह सिस्टम अलार्म बजा देगा।









# पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में दें योगदान -मुख्य विकास अधिकारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 18 सितम्बर 2022 को पल्स पोलियो एस0एन0आई0डी0 अभियान के सफल संचालन/क्रियान्वयन हेतु डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 महेश सिंह द्वारा बताया गया कि 18 सितम्बर 2022 से प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक पल्स पोलियो का ड्राफ जनपद के 2296 बूथों पर पिलाया जायेगा। इस अवधि में 4 लाख 50 हजार 208 जीरो से 05 वर्ष तक के बच्चों को ड्राफ पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये 1021 टीमों का गठन किया गया है तथा टीमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 327 सुपरवाइजर एवं तहसील स्तर पर 44 टीमें लगायी गयी है। प्रभारी चिकित्साधिकारी सेक्टर प्रभारी के रूप में तैनात किये गये है। प्रभावी टीकारण हेतु 29 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। इस दौरान 966 अति संवेदनशील क्षेत्र चिन्हित किये गये है जहां पोलिया ड्राप पिलाने हेतु विशेष व्यवस्थायें की गयी है। ए टीम 19 सितम्बर से 23 सितम्बर तक घर-घर अभियान चलाकर वैक्सीनेशन का कार्य करेगी, फिर छुटे हुये बच्चों का वैक्सीनेशन किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दिनांक 17 सितम्बर को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु जनपद स्तर पर महिला चिकित्सालय से जन जागरूकता रैली निकाली जायेगी। इसी के साथ ही सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जिसके माध्यम से लोग अपने बच्चों को पल्स पोलियो बूथ डे के दिन बूथ पर अवश्य ले जाये।उन्होंने सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ग्राम प्रधानों को निर्देशित करें कि ग्राम प्रधान अपने गांव स्थित पोलियो बूथ पर प्रातः 8 बजे उपस्थित रहकर पोलियो ड्राफ पिलाकर उद्घाटन करें तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने पीएचसी/सीएचसी अन्तर्गत जनप्रतिनिधियां को आमंत्रित कर पोलियो बूथ का उद्घाटन करायें तथा कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करायें। माइक्रोप्लान को अभी तक अपडेट न किये जाने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सचेत किया कि माइक्रोप्लान को अपडेट करें तथा टीम के सभी सदस्यों के मोबाइल को अपडेट करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पल्स पोलियों जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु निर्देशित कर दिया जाये ताकि इस कार्यक्रम को एक जन अभियान के रूप में संचालित किया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 आर्य देश दीपक, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी आर0एस0 राम, डीपीएम राजशेखर, डब्लूएचओ की डा0 मोनिका एवं यूनीसेफ के वकील अहमद सहित।

# जौनपुर में भारी बारिश के बाद कच्चा मकान गिरा महिला की दबने से हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जौनपुर।** जिले में तीन दिनों से रह रहकर हो रही बरसात की वजह से अब कच्चे घरों के गिरने का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। ऐसे ही एक हादसे में एक महिला की दबकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने के बाद सुबह राजस्व विभाग की टीम के साथ ही पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर हादसे का जायजा लिया और पीड़ित के मदद का आश्वासन दिया। वहीं शव को विधिक कार्रवाई के तहत कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जौनपुर जिले में सरपतहां थाना क्षेत्र के गैरवाह गांव के रकबा मजरे में बुधवार की रात से ही लगातार रुक -रुक कर हो रही तेज बारिश में कच्चे मकान का एक हिस्सा गिर गया। रात में उसमें दबकर नीचे मौजूद महिला की मौत हो गई। वहीं हादसे की जानकारी के बाद सूचना मिलने पर गुरुवार की सुबह राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम गांव में पहुंची और आवश्यक कार्रवाई पूरी की। गांव निवासी राम मूरत राजभर कच्चे मकान में पतनी मीना व दो बच्चों के साथ रहते हैं। मकान काफी जर्जर व पुराना था। बुधवार की रात भी वे रोजाना की तरह भोजन के पश्चात मकान में सोए हुए थे। आधी रात के बाद जिस हिस्से में वे सपरिवार सो रहे थे वह हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया। जिसके मलबे में उनकी 40 वर्षीया पतनी मीना दब गईं।हादसे के बाद चीख -पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और काफी मशक्कत के बाद किसी तरह मीना को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। राममूरत की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। मजदूरी आदि से ही उसका उसके परिवार का गुजर-बसर होता है।




# आजमगढ़ में अनियंत्रित वाहन ने सगी बहनों को रौंदा, एक की मौत, हादसे के बाद वाहन घर में घुसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** जिले में अनियंत्रित पिकअप ने दो महिला सहित बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे एक महिला की मौके पर मौत हो गई तो दूसरी महिला और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दोपहर 12 बजे आंबेडकर नगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी जिससे बाइक सवार गिर कर घायल हो गया। इसके बाद फिर सड़क किनारे जा रही दो सगी बहनों को टक्कर मार दी जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरी गंभीर रूप से घायल है जिसे डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।आजमगढ़ में अनियंत्रित वाहन ने सगी बहनों को रौंदा, एक की मौत, हादसे के बाद वाहन घर में घुसा 15 एाज् 2022 02:03 15 एाज् 2022 02:03 आजमगढ़ मार्ग हादसे में एक महिला की मौत हो गई। आजमगढ़ जिले में अनियंत्रित वाहन ने सगी बहनों को रौंद दिया जिसकी वजह से एक की मौत हो गई और दूसरी घायल हो गई। वहीं हादसे के बाद अनियंत्रित वाहन ठेले में टक?कर मारने के बाद एक घर में जा घुसा। पुलिस के अनुसार दोपहर 12 बजे आंबेडकर नगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी जिससे बाइक सवार गिर कर घायल हो गया। इसके बाद फिर सड़क किनारे जा रही दो सगी बहनों को टक्कर मार दी जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरी गंभीर रूप से घायल है जिसे डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। टक्कर मारने के बाद पिकअप सवार तेज रफ्तार से भागने लगा जो कुछ दूर एक ठेले से टकराकर एक घर में घुस गया, हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रंजना पतनी की तिजू 60 वर्ष ग्राम बिडहर मयचक खरजुरा थाना अहिरौला तथा अतवारी पतनी में मेढई 55 वर्ष ग्राम सकरकोला थाना अहिरौला की रहने वाली सगी बहने हैं। अतरौलिया स्थित मनवरपुर गांव निवासी योगेंद्र पुत्र दुर्जन के घर मिलने गई थीं जो रंजना का दामाद है। गुरुवार सुबह अपने घर अहिरौला के लिए निकली थी कि जैसे ही शांति चौक पर पहुंचीं कि आम्बेडकर नगर की तरफ से आ रहे अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार रमेश मोदनवाल को टक्कर मार दी।हादसे के बाद चंद कदम की दूरी पर दोनों बहनों को टक्कर मार दी जिससे अतवारी 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, वही हादसे में रंजना गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेता नीरज तिवारी तथा फूलचंद यादव मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहीं इसकी सूचना मिलते ही प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, थानाध्यक्ष नदीम अहमद फरीदी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।डॉक्टरों ने अतवारी को मृत घोषित कर दिया वहीं रंजना की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अतरौलिया कस्बा निवासी रमेश चंद्र पुत्र कामता मोदनवाल का अमर शहीद राजा जय लाल सिंह स्मारक सरसैया हॉस्पिटल मे ही इलाज चल रहा है।




# आजमगढ़ में फंदे से लटकता मिला बी फार्मा की छात्रा का शव, किराए के घर में रहकर करती थी पढ़ाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** शहर के गुलामी का पूरा में रहकर बी फार्मा की पढ़ाई करने वाली छात्रा का शव फंदे से लटकते मिलने की जानकारी होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर गांव की निवासी छात्रा ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं हो सकी। शहर कोतवाली के गुलामी का पूरा मोहल्ले में गुरुवार की सुबह किराए के मकान में फंदे से लटकती मिली बी फार्मा की छात्रा का शव देखकर लोग सनन रह गए। बचा लेने की उम्मीद में आनन-फानन लोगों ने दरवाजा तोड़ उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी में रखवा दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर गांव निवासी मधुबाला निषाद शहर कोतवाली क्षेत्र के गुलामी का पूरा मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर बी फार्मा का कोर्स करती थी। मकान में अन्य किराएदारों के अलावा उसी के गांव का चंदन भी रहकर पढ़ाई करता है। अस्पताल में मिले करीबी चंदन ने बताया कि रात में 12 बजे तक सभी लोग साथ भोजन किए। उसके बाद मधुबाला अपने और मैं अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह नौ बजे तक उसका दरवाजा नहीं खुला, तो हम लोगों ने अनहोनी की आशंका में खिड़की से झांककर देखा तो छत के चुल्ले से दुपट्टे के सहारे लटकती मिली। उसे बचा लेने की उम्मीद में पुलिस को बिना सूचना दिए आनन-फानन दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा और जिला अस्पताल ले गए, जहां आपातकालीन कक्ष में तैनात डा. एके शाह ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका दो भाइयों में अकेली थी और पिता मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते है। चंदन ने बताया कि घटना की जानकारी मधुबाला के परिवार को दे दी गई है। छात्रा ने किन परिस्थितियों में आत्मघाती कदम उठाया, यह स्पष्ट नहीं हो सका था। परिवार वालों के जिला अस्पताल पहुंचने का इंतजार किया जा रहा था।



# बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों की लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था, बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को उठानी पड़ी परेशानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवरिया।** देवरिया जिले में मंगलवार की रात चली तेज हवा के बीच हुई बारिश से ग्रामीण अंचलों की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। बुधवार को खराब मौसम के बीच खराबी को दूर करने में कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आवश्यक कार्य निपटाने के लिए उपभोक्ताओं को जनरेटर व इन्वर्टर का सहारा लेना पड़ा। बिजली फाल्ट की हुई समस्या रात को अचानक मौसम बदल गया और हवा के बीच वर्षा शुरू हो गई। वर्षा के बीच बिजली फाल्ट की समस्या भी शुरू हो गई। तरकुलवा, पांडेयचक, खुखुंदू, सतरांव, लार समेत विभिनन बिजली घर क्षेत्रों में लोकल फाल्ट के चलते कई गांवों की बिजली पूरी रात गुल रही। मौसम खराब होने के चलते खराबी को दूर नहीं किया जा सका। बुधवार की दोपहर बाद खराबी को दूर कर बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार हवा व वर्षा के चलते भाटपाररानी बिजली घर के दक्षिणी फीडर में खराबी आ गई। जिसके चलते पूरी रात फीडर की आपूर्ति बंद रही। बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता अवनीश गौतम ने बताया कि बरईपार के समीप फाल्ट हो गया है। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी है।मंगलवार की रात हुई वर्षा ने तरकुलवा कस्बा के नाली की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नाली की सफाई न होने के चलते कूड़ा-कचरा सड़क पर आ गया। जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तरकुलवा कस्बा से होकर गुजरने वाला देवरिया-कसया मार्ग प्रमुख सड़कों में एक है। आजादी के बाद पहली बार कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के प्रयास से सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण कराया गया। लेकिन जल निकासी की समूचित व्यवस्था नहीं की गई है। सड़क की दोनों पटरी पर चाय, फल ,पान, कपड़ा, आदि की दुकान हैं, जहां से कूड़ा-कचरा निकलता है। लोग कूड़ा कचरा को कूड़ेदान में डालने की बजाय नाली में फेंक देते हैं। जिससे नाली जाम हो जाती है और सफाई न होने के चलते बदबू आने लगता है। मंगलवार की रात हुई वर्षा ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नाली का गंदा पानी व कूड़ा सड़क पर बहने लगा। जिसके चलते लोग परेशान नजर आए। बीडीओ राधेश्याम सिंह ने कहा कि नाली जाम की समस्या आने पर एक बार सफाई कराया गया था। पुनः सफाई कराई जाएगी।मंगलवार की रात आई वर्षा से सोहनपुर में जलभराव की स्थिति उत्पनन हो गई। जिसके चलते लोगों को आवागमन में सर्वाधिक दिक्कत उठानी पड़ी। नालियों पर अतिक्रमण होने के चलते नाली बंद हो गई है। जिसके चलते यह दिक्कत उठानी पड़ रही है। दुर्गा वर्मा, अनिल मद्देशिया, रजनीश वर्मा, शत्रुधन पटवा, सूर्यमोहन पटवा ने कहा कि इसके लिए विशेष इंतजाम होना चाहिए।



# गोरखपुर में झूमकर बरसे बादल, नौ साल का रिकाड टूटा- अगले दो दिनों तक वर्षा के आसार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** पिछले 24 घंटे में जिले में झूमकर वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने संभावना जतायी है कि अगले तीन दिनों तक फिर वर्षा की संभावना है। बुधवार को हुई अच्छी वर्षा से धान की फसल फिर से लहलहाने लगी है। किसान के चेहरे पर फिर चमक देखी जा रही है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि आगामी 18 सितंबर तक जिले में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। जिले के किसान वर्षा न होने से परेशान थे, लेकिन सप्ताह भीतर करीब 100 मिलीमीटर वर्षा से हुई है। इससे किसान उत्साहित देखे जा रहे हैं। बीते 24 घण्टे में जिले में 144 मिलीमीटर वर्षा हुई है। बीते 9 वर्षों में सितंबर माह एक दिन में इतनी वर्षा नहीं हुई है। इससे पूर्व 18 सितंबर 2012 को एक दिन में 155.7 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। इस वर्ष कम हुई है वर्षा बता दें इस वर्ष वर्षा कम होने से 1.5 लाख हेक्टेयर में धान की खेती की गई है, जबकि पिछले वर्ष 1.52 लाख हेक्टेयर में धान की फसल बोई गई थी। उरुवा क्षेत्र के कई किसान ऐसे रहे, जिन्होंने दस दिन पूर्व अपने धान की फसल को जुतवा दिया था। हालांकि उसके बाद से जिले में मानसून सक्रिय है। उसके बाद से रुक-रुक कर लगातार वर्षा हो रही है। बुधवार को तो बादल झूमकर बरसे। सुबह से शुरू हुआ वर्षा का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। कई स्थानों पर खेतों में पानी लग गया है।जिला कृषि अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि हाल के दिनों में हुई वर्षा धान के लिए अमृत समान है। यह वर्षा दलहनी फसलों के लिए भी लाभदायी है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में करीब ढाई हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में अरहर, करीब 100 हेक्टेयर उड़द व आठ हेक्टेयर में मूंग की खेती की गई है। वर्षा रुक-रुक हो रही है। ऐसे में यह सभी फसलों के लिए लाभदायी है। उर्वर्षा को देखते हुए तमाम किसान अपने खेतों में यूरिया, जिंक सल्फेट व पोटाश का छिड़काव कर रहे हैं। इसके भुरकाव से धान की फसल को लाभ होगा, लेकिन कालानमक व सांभा की खेती करने वाले किसानों को थोड़ी सावधानी अपनानी होगी। कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.एसके तोमर का कहना है कि सांभा व कालानमक की खेती करने वाले किसान भुरकाव से पहले यह देख लें कि उनकी फसल में कहीं झुलसा रोग तो नहीं लगा हुआ है। इस रोग में पत्तियां ऊपर की तरफ नोक वाले हिस्से से सूखती हैं। फसल में ऐसा दिखे तो वह तत्काल स्ट्रेप्टो साइक्लीन 12 ग्राम, कापर आक्सीक्लोराइड 200 ग्राम का 200 लीटर पानी में घोल बनाएं और उसका प्रति एकड़ छिड़काव करें। इस रोग का निदान होने के बाद 45 किलो यूरिया, 5 किलो जिंग सल्फेट व 40 किलो म्यूरेट आफ पोटाश को मिलाकर एक एकड़ फसल पर ऊपर से भुरकाव करें। इससे फसल को फसल को लाभ मिलेगा। कुछ स्थानों पर बालियां निकलने लगीं हैं।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

### (आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्र:** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटें पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: **30 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# दो दिवसीय पर आए कैबिनेट मंत्री ने 5 जगहों पर बोरिंग करने को अधिकारियों के दिए थे निर्देश

## घसिया बस्ती में अभी तक तो ना अधिकारी देखने गए और ना तो बोरिंग का कोई व्यवस्था की है।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** बीते आठ सितम्बर को दो दिवसीय दौरे पर आए कैबिनेट मंत्री में अटल आवासीय विद्यालय नवोदय निरीक्षण किया और जल्द ही इसी सत्र में शुरू करने की भी बात बताई । वही जांच कर वापस होते समय रास्ते मे घसिया बस्ती में मंत्री जी ने आदिवासियों से मुलाकात की और उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना तो सबसे बड़ी समस्या पानी का मिला जो उन्होंने तत्काल आश्रम पद्धति विद्यालय निर्माण को कर रहे ठीकेदार को निर्देशित किया कि उन्हें पानी की सुविधाओं को देखते हुए 5 हैंड पम्प आप बोर करा करके मुझे अवगत कराएं जिससे आदिवासीयों को पानी की समस्याओं का सामना न करना पड़े और यह भी बताया कि यहां निवास कर रहे हैं आदिवासियों को जो मिट्टी के कच्चे मकान में रह रहे हैं उन्हें पक्का आवास भी दिया जाएगा। मंत्री जी के दिखाए सपने को अब घसिया बस्ती में रहसवासियों का खुशी से चेहरे खिल गए। लेकिन इन आदिवासियों से न तो अभी कोई सम्पर्क ही किया है और न ही उनके तरफ से उन पांच जगहों को चिन्हित किया गया है जहां हैंडपंप लगाया जा सके।



# विंध्याचल: मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शनार्थी और पुलिसकर्मियों के बीच हुई हाथापाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(विंध्याचल) मिर्जापुर।** मंगलवार की रात को एक दर्शनार्थी मां विंध्यवासिनी मंदिर में झांकी दर्शन करने के लिए पहुंचा था इस दौरान वह अपने मोबाइल से अपने वृद्ध माता,पिता को लाइव वीडियो कॉलिंग कर मां विंध्यवासिनी का दर्शन करा रहा था जिसको लेकर पुलिसकर्मियों और दर्शनार्थी के बीच कहा सुनी के साथ नोंक झोंक के साथ हाथापाई भी हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरोही निवासी यह फौजी गर्भगृह के बाहर झांकी से अपने सेलफोन द्वारा अपने वृद्ध माता-पिता को मां विंध्यवासिनी की लाइव दर्शन करवा रहा था। जिसे लेकर पुलिसकर्मियों ने आपत्ति व्यक्त की और विवाद शुरू हो गया। घटना का वीडियो वायरल होने लगा।जिसे लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चा है। देवी धाम में अक्सर ऐसा क्यों होता है। इस पर सवाल दर्शनार्थी और तीर्थ पुरोहित उठा रहे हैं।बताते चले कि इससे पूर्व भी दर्शनार्थियों को नीचे गिरा कर पीटते हुए धाम चौकी में ले जाया गया है। आए दिन पुलिसकर्मियों के बीच कभी तीर्थपुरोहित के बीच तो कभी मां के भक्तों के साथ मार पीट होता रहता है जिसके वजह से लोगों में तरहतरह की चर्चा का विषय बना हुआ है। धाम सुरक्षा प्रभारी ने कहा कि दर्शनार्थी द्वारा लाइव वीडियो चलाया जा रहा था जिसको लेकर ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों ने मना किया लेकिन दर्शनार्थी ने हाथापाई करने पर उतर आया जिसके वजह से ऐसा हुआ। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ने उक्त घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए घटना में मौजूद पांच पुलिसकर्मियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निलंबित किया और पुलिसकर्मियों को मंदिर परिसर में ड्यूटी करते समय आत्म संयम और धैर्यता का परिचय देते हुए दर्शनार्थियों से आग्रह कर उनके मोबाइल को बंद कराने और मंदिर में लागू नियम को पालन कराने के लिए निर्देशित किया है।



# कम्पलेन करने के 6 घन्टे बाद ही चोरी कि बाइक हुई बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद में लगातार बाइक चोरी हो रही है इस क्रम में अपराधियों कि गिरफ्तारी हेतु चलाया जारहे ताकि चोरों पर अंकुश लग सके इसी क्रम में थाना कर्मा पुलिस द्वारा एक व्यक्ति संतोष कुमार सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह निवासी ग्राम सहदेइया बैडाड थाना कर्मा जनपद सोनभद्र ग्राम सिरसाई से गिरफ्तार किया गया साथ ही चोरी कि गई बाइक हीरो होंडा स्पेलेडर मोटरसाइकिल संख्या (यूपी 64क्यू 1540)बरामद किया गया मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गय गिरफ्तार करने वाली पुलिस टिम थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह,थाना कर्मा, विमलेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी मुरलीधर,राय।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के निंगा गाँव में आज मंगलवार को एक युवक ने घर के बाहर लगा बल्ली में साड़ी के सहारे फांसी लगा अपनी जान दे दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पनारी ग्राम पंचायत के निंगा निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसका बड़ा भाई राम सूरत (32)पुत्र हीरालाल निवासी निंगा अपनी पतनी व -बच्चो के साथ रविवार को परासपानी गांव में रिस्तेदार के यहा गये थे,जो दूसरे दिन सोमवार की सायं पाँच-छह बजे के दरम्यान निंगा अपने घर वापस आ गये।शाम को सभी लोग खाना खाने के बाद अपने-अपने घरो में सोने चले गये।मंगलवार की भोर में जब घर की महिलाए शौच के लिए बाहर जाने के लिए दरवाजा खोलकर निकली तो साड़ी के फंदे से रामसूरत का शव लटक रहा था।जिसे देख वह हक्का बक्का रह गयी।तुरंत घटना की जानकारी घर में जाकर सबको बताएं घटना की जानकारी मृतक का छोटा भाई सुरेंद्र ने चोपन थाने की पुलिस को दिया।जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।




# चोपन क्षेत्र में सांसद निधि से कराया गया कार्य मानक बिहीन सुनील त्रिपाठा

## कहा विकास के लिए आए धन का बंदरबाट करने में लगे अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(चोपन) सोनभद्र।** चोपन सोनभद्र सिंदुरिया में बनाया गया सीसी रोड 4 माह में ही उखड़ गया ग्रामीणों ने बताया कि यह रोड क्षेत्र पंचायत द्वारा बनवाया गया था जो 4 महीने में ही उखड़ कर गिट्टीमय हो गया । इस रोड में भारी पैमाने पर धांधली की गई जिससे यह रोड उखड़कर खराब हो गई है। समाजसेवी सुनील त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 21,22 में मैं सांसद निधि से कराए गए कार्य की गुणवत्ता की जांच कराए जाने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ से जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत किया था की चोपन क्षेत्र में सांसद निधि द्वारा कराए गए कार्यों समेत अन्य की मानक विहीन कराए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जांच की मांग की है ।इन कार्यो में चोपन भुकनिहदा नाले पर रपटा निर्माण,कदराने गिरधारी बैगा के घर के पास पुलिया निर्माण,रिजुल विरशाह के घर से परसिधहवा सम्पर्क मार्ग,रिजुल में तालाब पक्की सड़क से गडई तक डब्लू बीएम का निर्माण ।उक्त समस्त परियोजना में स्थानिय बोल्डर एवं मिट्टी डलवाकर जनता के साथ भारी धोखे बाजी करते हुए खण्ड विकास अधिकारी चोपन की मिली भगत से लाखो रु का बंदर बाट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद निधि का काम जिस फर्म पर कराया जा रहा है वह काफी बीडीओ चोपन के नजदीकी है जिससे धन का बंदरबांट कर लिया जा रहा है ।जिसकी प्रतिलिपि आयुक्त विंध्याचल मंडल मिर्जापुर संयुक्त विकास अधिकारी मंडल मिर्जापुर व जिला अधिकारी सोनभद्र को प्रेषित की गई है। जनसुनवाई पोर्टल पर उसके जवाब में मुख्यमंत्री कार्यालय से सचिव द्वारा जिलाधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई है।





# दुष्कर्म के दोषी सत्यम को 10 वर्ष की कैद 50 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद

## पांच वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला - अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पांच वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सत्यम को 10 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वर्ष 2017 में दुद्धी कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के साहपुर गांव निवासी सत्यम पुत्र राजेश कुमार उर्फ राजू जायसवाल ने बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म भी किया। इस तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट एवं दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सत्यम को 10 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।






# विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से पार्टी जनसरोकार के कार्यों से जुडेगी अशोक चौरसिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से गांधी जयन्ती तक, 16 दिन तक बूथ स्तर पर होंगी गतिविधियां-भाजपा ने निकाय चुनाव की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिया है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरु होने वाले सेवा पखवाड़ा के माध्यम से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने जा रही है। पार्टी द्वारा आगामी महीनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने हेतु एक अहम बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय सोनभद्र पर सम्पनन्न हुई। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी सोनभद्र अशोक चौरसिया जी मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर मुख्यअतिथि अशोक चौरसिया व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने बताया कि पीएम मोदी जी का जन्मदिन पार्टी ने इस बार अलग तरीके से मनाने का निणय्य लिया है। इस विशेष अवसर पर जनता को सेवा कार्यों की प्रेरणा मिले, इसलिए पीएम मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम बूथ स्तर तक तो होंगे ही, इसके साथ ही सेवा कार्यों की प्रतिस्पर्धा भी होगी। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन जनसेवा के लिए समर्पित है, इसलिए उनका जन्मदिन पर लोगों को सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा।





आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व मे देश नये किर्तिमान स्थापित कर रहा है उनके नेतृत्व मे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, देश के लोग जिन चीजो को मात्र सपने मे सोचते थे उन चीजो को मोदी जी ने चरितार्थ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत विभिनन्न सेवा कार्यों के माध्यम से पार्टी जनसरोकार के कार्यों से जुडे़गी। सेवा पखवाड़ा के दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक गतिविधियां होंगी। इसमें रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता अभियान- अमृत सरोवर, पौधारोपण, जल ही जीवन आदि को लेकर जिलों की प्रतिस्पर्धा होगी। राष्ट्रीय स्तर पर भी जिलों को चिन्हित कर पुरस्कृत किया जाएगा। सेवा पखवाडे़ के तहत बूथ स्तर तक सेवा व अन्य विभिनन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में भाजपा ने आगामी कार्यक्रम तय किये दिनांक- 17 सितम्बर रक्तदान शिविर युवा मोर्चा द्वारा,18 सितम्बर निःशुल्क स्वास्थ्य मेला, 19 सितम्बर मोदी व्यक्तित्व प्रदर्शनी, 20 सितम्बर स्वच्छता अभियान - सामान्य , 21 सितंबर स्वच्छता अभियान - अमृत सरोवर , 22 सितंबर जल ही जीवन जागरूकता कार्यक्रम, 23 सितंबर वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी, 24 सितम्बर कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण कैंप, 25 सितंबर पंडित दीनदयाल जयंती व मन की बात कार्यक्रम, 26 सितंबर विविधता में एकता कार्यक्रम , 27 सितंबर प्रधानमंत्री को योजना लाभार्थी द्वारा शुभकामना व अभिनंदन पत्र भेजवाना, 28 सितंबर प्रबुद्धजन/ बुद्धिजीवी सम्मेलन, 29 सितंबर कोविद टीकारकण केंद्रों पर स्टाल, 30 सितंबर टीवी मुक्त राष्ट्र कार्यक्रम , 1 अक्टूबर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, 2 अक्टूबर खादी की खरीद एवं जागरूकता अभियान करेगी।बैठक मे मुख्यरुप से दुद्धी विधायक रामदुलारे गोंड़, ओबरा नगर पंचायत चेयरमैन प्राणमती देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, ओमप्रकाश दूबे, अनिल सिंह गौतम, शिवकुमार गुप्ता, रंजना सिंह, रामसुन्दर निषाद, जीत सिंह, कृष्णमुरारी गुप्ता, शंम्भू नारायण सिंह, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, कैलास बैसवार, कन्हैया लाल, दिलिप पाण्डेय, गुडिया वर्मा, राकेश मेहता, अनूप तिवारी, मण्डल प्रभारी गोविन्द यादव, दयाशंकर पाण्डेय, कमलेश चौबे, आलोक सिंह, सुनिल सिंह, मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र द्विवेदी, महेन्द्र पटेल, पुष्पा सिंह, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, गुडिया तिवारी, रुबी गुप्ता, अनिल सिंह, नार सिंह पटेल सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मैच जीते तो सीरीज पर होगा कब्जा कब और कहां देखें मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे 3 मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच आज खेला जाएगा। 3 मैचों की सीरीज में दोनों टीमें फिलहाल और स्मृति मंधाना की बल्लेबाजी के दम पर भारत ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली थी और आज उसके पास सीरीज जीतने का सुनहरा मौका है। इस मैच में उम्मीद है कि मंधाना के साथ-साथ शेफाली वर्मा और भारत के बीच यह तीसरा टी20 मैच इंग्लैंड और भारत के बीच यह तीसरा टी20 मैच रात 10.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा इंग्लैंड और भारत के बीच इस तीसरे टी20 मैच का टॉस? इंग्लैंड और






1-1 की बराबरी पर है और इस निर्णायक मुकाबले में दोनों ही टीमें अपना बेस्ट देने की कोशिश करेंगी। भारत का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आ रहा है क्योंकि दूसरे मैच में उसने इंग्लैंड को न केवल कम स्कोर पर रोका था बल्कि केवल 2 विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल भी किया था। सन्हे राणा की गेंदबाजी और दीप्ति शर्मा के बल्ले से भी रन देखने को मिलेगा। यदि आप भी इस निर्णायक मुकाबले का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों के बारे में जान लेते हैं इंग्लैंड और भारत के बीच यह तीसरा टी20 मैच काउंटी क्रिकेट ग्राउंड ब्रिस्टल के मैदान पर होगा। कितने बजे शुरू होगा इंग्लैंड भारत के बीच इस तीसरे टी20 मैच का टॉस रात 10 बजे होगा।इंग्लैंड और भारत के बीच यह तीसरा और निर्णायक टी20 मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा मैच से जुड़ी अन्य अपडेट आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं।

# आंद्रे रसेल और सुनील नरेन को टी20,2022 के लिए वेस्टइंडीज की टीम में नहीं मिली जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया। वेस्टइंडीज की 15 सदस्यीय टीम में तूफानी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और मिस्ट्री स्पिनर सुनील नरेन को शामिल नहीं किया गया। दोनों दिग्गज टी20 क्रिकेट के बेहतरीन प्लेयर माने जाते हैं। इन दोनों खिलाडियों को आखिरी टी20 वर्ल्ड कप 2022



के लिए क्यों चयनित नहीं किया गया इसका भी कारण सामने आ गया। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर डेसमंड हेंस ने कहा कि आंद्रे रसेल को टीम में इस वजह से नहीं चुना गया क्योंकि उनका प्रदर्शन इन दिनों अच्छा नहीं रहा है। वहीं सुनील नरेन के बारे में उन्होंने कहा कि वो वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के लिए खेलना चाहते भी हैं या नहीं इसके बारे में मुझे कुछ भी अंदाजा नहीं है। आपको बता दें कि आंद्रे रसेल ने 6 नवंबर 2021 के बाद से वेस्टइंडीज के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है। उससे पहले भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। आंद्रे रसेल के टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के लिए 67 मैचों में 19.50 की बेहद साधारण औसत से 741 रन बनाए हैं। वहीं बल्लेबाजी में उनका बेस्ट स्कोर 51 रन है तो गेंदबाजी में उन्होंने 39 विकेट लिए हैं। गेंदबाजी में उनका बेस्ट प्रदर्शन 43 रन देकर 3 विकेट रहा है। दूसरी तरफ 34 साल के सुनील नरेन ने वेस्टइंडीज के लिए 6 अगस्त 2019 के बाद से कोई टी20 मैच नहीं खेला है। वहीं उन्होंने इस टीम के लिए 51 टी20 मैचों में 52 विकेट लिए थे और उनका बेस्ट प्रदर्शन 12 रन देकर 4 विकेट रहा था। वहीं पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप खेलने वाले क्रिस गेल को भी टीम में शामिल नहीं किया गया। गेल ने वेस्टइंडीज के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद से कोई मैच नहीं खेला। इस वर्ल्ड कप में निकोलस पूरन टीम की कप्तानी करेंगे। निकोलस पूरन (कप्तान), रोवमैन पॉवेल (उप-कप्तान), यानिक करियाह, जॉनसन चार्ल्स, शेल्डन कॉटरेल, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसिन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, रेमन रीफर, ओडियन स्मिथ।

# अब जल्द होंगे बीसीसीआई चुनाव इस सप्ताह हो सकती है बैठक जिसमें लिए जाएंगे अहम फैसल


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीसीसीआइ पदाधिकारी इस सप्ताह ही बैठकर आगे की रणनीति बना सकते हैं। बीसीसीआइ पदाधिकारी ने कहा कि अभी पदाधिकारी बने रहेंगे इस पर शक है। कुछ तो परिवर्तन होंगे ही। मालूम हो कि इस समय सौरव गांगुली बीसीसीआइ अध्यक्ष, जय शाह सचिव, राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष, अरुण सिंह धूमल कोषाध्यक्ष और जयेश



फैसला आया है। उसे बढ़ने के बाद इस सप्ताह बैठक बुलाई जा सकती है जिसमें वार्षिक आम सभा और चुनाव की तारीख पर निर्णय लिया जाएगा। जब पदाधिकारी से पूछा गया कि जो लोग अभी पद पर बने हैं तो क्या वे ही आगे भी बने रहें तो उन्होंने कहा कि जब तक नामांकन नहीं हो जाते तब तक आप कुछ नहीं कह सकते। पांचों के पांचों जार्ज संयुक्त सचिव हैं।सुप्रीम कोर्ट के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) में भारत के प्रतिनिधि के तौर पर 70 वर्ष की अधिकतम उम्र सीमा को हटाने के बाद अब पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन भी चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। श्रीनिवासन 70 साल से ज्यादा की उम्र के हैं और इसी कारण बीसीसीआइ उन्हें चाहकर भी आइसीसी में नहीं भेज सकता था। यह श्रीनिवासन ही थे जिन्होंने अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आइसीसी की बोर्ड बैठकों में भारत को मजबूत बनाया था। श्रीनिवासन ने बिग-थ्री (भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड) को आइसीसी राजस्व का हिस्सा मिलने का दमदार पक्ष रखा था, लेकिन उनके पद छोड़ने के बाद यह वास्तव में आकार नहीं ले सका। बीसीसीआइ की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''एक पदाधिकारी के लिए अपनी योजना को लागू करने के लिए तीन वर्ष कम होते हैं और इसलिए कार्य के उचित निष्पादन के लिए लगातार दो कार्यकाल दिए जाने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि हमारा विचार है कि प्रस्तावित संशोधनों को स्वीकार किया जाना चाहिए। इस पर मेहता ने कहा कि सभी संशोधन क्रिकेट बोर्ड को स्वीकार्य हैं। दोषी ठहराए जाने पर पदाधिकारी अयोग्य घोषित होगा- सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि बीसीसीआइ या राज्य क्रिकेट संघ का कोई पदाधिकारी अगर किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है या उसे जेल की सजा सुनाई जाती है तो वह अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

# 66 साल की उम्र में पाकिस्तान के पूर्व अंपायर असद राऊफ का हृदय गति रुकने से निधन स्पॉट फिक्सिंग का लगा था आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व अंपायर असद राऊफ का 66 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट (हृदय की गति रुकने से) की वजह से निधन हो गया। असद राउफ 2006 से लेकर 2013 तक



आइसीसी एलीट अंपायर पैनल के सदस्य भी रह चुके थे। उन पर मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग में शामिल होने का आरोप लगा था और साल 2016 में बीसीसीआइ द्वारा वो भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए थे। इसके बाद उन पर पांच साल का बैन लगा था। इसके बाद 14 सितंबर 2022 को हृदय गति रुक जाने की वजह से उनकी मौत हो गई। असद राऊफ ने 1977 से 1991 तक पाकिस्तान की घरेलू क्रिकेट में खेला था और 71 फर्स्ट क्लास मैचों में 3423 रन बनाए थे जिसमें 3 शतक और 22 अर्धशतक शामिल थे। वहीं 40 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 4 अर्धशतक की मदद से 611 रन बनाए थे, लेकिन कभी इंटरनेशनल लेवल पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाए। इसके बाद 1998 में वो फर्स्ट क्लास अंपायर बने और साल 2000 में पीसीबी ने उन्हें वनडे अंपायर नियुक्त किया। 16 फरवरी 2000 को उन्होंने पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेले गए वनडे मैच में पहली बार किसी इंटरनेशनल मैच में अंपायरिंग की। साल 2004 में अलीम दार को आइसीसी एलीट अंपायर पैनल में पदोनन्त करने के साथ राऊफ को पहली बार अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय पैनल में शामिल किया गया था। साल 2005 में आइसीसी ने उन्हें बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए टेस्ट मैच में टेस्ट अंपायर नियुक्त किया था। इसके बाद राऊफ का अंपायरिंग करियर आगे ही बढ़ता चला गया। साल 2006 में वो आइसीसी अंपायर के एलीट पैनल में शामिल कर लिए गए। इसके बाद उन्होंने 47 टेस्ट, 98 वनडे और 23 टी20 इंटरनेशनल मैचों में अंपायरिंग की। साल 2013 में आइसीसी ने उन्हें वार्षिक समीक्षा के बाद एलीट पैनल से बाहर कर दिया और इसके बाद राऊफ ने इस्तीफा दे दिया और कहीं भी अंपायरिंग करने से मना कर दिया। 2013 के आइपीएल स्पॉट फिक्सिंग विवाद के दौरान असद रऊफ का नाम सामने आया और आइसीसी ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच अधिकारियों के पैनल से हटा दिया। रऊफ पर मुंबई पुलिस ने 21 सितंबर 2013 को मुंबई की एक अदालत में अवैध सट्टेबाजी, धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। रऊफ ने इन आरोपों से इनकार किया था और इन आरोपों का सामना करने के लिए मुंबई जाने से इनकार कर दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया की उप-कप्तान ने संन्यास की घोषणा से सबको चौंकाया, वर्ल्ड कप टीम का थी हिस्सा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के उप-कप्तान राचेल हेन्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल संन्यास की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया है। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के लिए यह एक बड़ा झटका इसलिए भी क्योंकि टॉप ऑर्डर बल्लेबाज और अपने देश के लिए 150 से अधिक मैच खेलने वाली हेन्स ने कई मैचों में टीम को संकट से उबारा है। बाएं हाथ के ऑलराउंडर हेन्स के करियर की बात करें तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 167 मैच खेले जिसमें छह टेस्ट, 77 वनडे और 84 ऊ20घ् मैच शामिल है। उन्होंने 2009 में लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर अपने करियर की शुरुआत की थी। हेन्स ने 14 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की, विशेष रूप से 2017-18 एशेज के दौरान जब लैनिंग कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर हो गई थीं। 35 वर्षीय हेन्स ने 2013 और 2022 में ऑस्ट्रेलिया के लिए दो घ्ण्ण् महिला विश्व कप खिताब के अलावा 2018 और 2020 में दो टी20 वर्ल्ड कप भी जीते। इस मौके पर हेन्स ने अपने साथी खिलाड.ियों का धन्यवाद किया। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट द्वारा जारी एक बयान में उनकी तरफ से कहा गया है कि इस लेवल पर बिना अन्य लोगों के समर्थन के खेलना संभव नहीं है। ऑस्ट्रेलिया अपनी अगली श्रृंखला से पहले एक नए उप-कप्तान की घोषणा करेगा। टीम दिसंबर में भारत के खिलाफ पांच मैचों की ऊ20घ् सीरीज जबकि जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ एक घरेलू एकदिवसीय और ऊ20घ् सीरीज खेलेगी।

# बारिश ने महामुकाबले पर फेरा पानी, अधूरा रह गया सचिन और लारा की भिड़ंत का सपना


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 का सबसे रोमांचक मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। बुधवार को इंडिया लीजेंड्स और वेस्टइंडीज लीजेंड्स के बीच मैच होना था, जो वर्षा के कारण मैदान की आउटफील्ड में पानी भरने के कारण रद कर दिया गया। मैच



रद होने से दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। मंगलवार देर रात से शुरू हुई बारिश बुधवार को भी होती रही, जिसके चलते मैदान से कवर तक नहीं हटाए गए।मैच रेफरी गुंडप्पा विश्वनाथ ने होटल से ही शाम 6.55 बजे पिच क्यूरेटर से रिपोर्ट मांगकर मैच को रद करने की घोषणा की। अब भारत और वेस्टइंडीज लीजेंड्स के तीन-तीन अंक हो गए हैं। वहीं सीरीज में श्रीलंका चार अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर है। आपको बता दें कि इस टूर्नामेंट में ये भारत का दूसरा मुकाबला था। इससे पहले इंडिया लीजेंड्स का सामना साउथ अफ्रीका लीजेंड्स के साथ हुआ था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टुअर्ट बिननी के 42 गेंदों पर नाबाद 82 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 4 विकेट पर 217 रन बनाए थे। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 256 रन ही बना पाई और उन्हें 61 रन से हार मिली। वहीं अंक तालिका में इस वक्त इंडिया लीजेंड्स 2 मैचों में 3 अंक के साथ दूसरे नंबर पर है। क्रिकेट प्रेमियों का वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा को पहली बार ग्रीनपार्क मैदान में खेलते देखने का सपना अधूरा रह गया। सचिन और लारा को एक साथ खेलता देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे थे लेकिन वर्षा के कारण मैच रद होने की घोषणा होते ही मायूस हो गए। फतेहपुर से आए युवराज यादव ने बताया कि ऐसा मुकाबला क्रिकेट इतिहास में पहली बार देखने को मिलता लेकिन बारिश ने महामुकाबले पर पानी फेर दिया। आगरा से आईं सुजैन ने बताया कि दोस्तों के साथ मुकाबले को देखने की इच्छा थी, जो अधूरी रह गई।

# विराट कोहली के संन्यास के पीछे क्यों पड़े हैं पाकिस्तान के खिलाड़ी, अफरीदी के बाद अख्तर ने भी दिया सुझाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले विराट कोहली फॉर्म में लौट चुके हैं। एशिया कप में न केवल उन्होंने तीन साल के शतकों के सूखे को खत्म किया बल्कि सर्वाधिक रन बनाने के मामले में वह मोहम्मद रिजवान के बाद दूसरे बल्लेबाज रहे। उनके बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक सहित कुल 276 रन निकले। वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के लिए यह अच्छी खबर है क्योंकि वह एशिया कप से पहले अपने फॉर्म को लेकर संघर्ष कर रहे थे। उनके फॉर्म में लौटने से निश्चिततौर पर भारत के वर्ल्ड कप जीतने की उम्मीदों को बल मिला है लेकिन लगता है पाकिस्तान के खिलाडियों को यह हजम नहीं हो रहा है कि कोहली टी20 में अपने इस फॉर्म को आगे भी जारी रखें। यही कारण है कि पाकिस्तान से उनके रिटायरमेंट को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही है। नई प्रतिक्रिया पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज और रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर की तरफ से आई है। इंडिया डॉट कॉम से बात करते हुए शोएब ने विराट के रिटायरमेंट के बारे में कहा कि ङ्खकोहली टी20 वर्ल्ड कप के बाद रिटायरमेंट ले सकते हैं। वह ऐसा फैसला क्रिकेट के अन्य फॉर्मेट में लंबे वक्त तक खेलने के लिए कर सकते हैं। अगर मैं उनके स्थान पर होता तो बड़े उद्देश्य के लिए इस तरह के फैसले जरूर करता आपको बता दें कि यहां अख्तर के कहने का मतलब है कि वह यदि क्रिकेट के बाकी फॉर्मेट में अच्छा करना चाहते हैं तो उन्हें क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट को छोड़ देना चाहिए। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदि ने भी उनके रिटायरमेंट को लेकर अपनी बात रखी थी और कहा था कि कोहली को तब रिटायरमेंट लेनी चाहिए जब वो खेल में अपने पीक पर हों। अफरीदी ने कहा कि विराट कोहली को उस स्तर पर नहीं पहुंचना चाहिए जहां पर उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाए।



# राशिफल

**मेष-:**स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-:**आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:**जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:**आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:**आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:**किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:**आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:**आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-:**खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:**आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है

**मीन-:**आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश जिला सतना में 214 पुलिस अधिकारियों का हुआ तबादला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** मध्य प्रदेश पुलिस सेवा से जिला सतना पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तबादला सूची में निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों से लेकर सिपाही तक के 214 पुलिस कर्मियों के नाम है सामिल। जिसमें से देहात थाना से 6 पुलिस अधिकारियो का हुआ तबादला वीरेंद्र चौबे जी को कोटर थाना, ग् गोविन्द प्रसाद पाणिकर जी को सिटी कोतवाली सतना शैलेंद्र डोंगरे जी को सिंहपुर थाना धीरेंद्र सिंह गहरवार जी को सिविल लाइन थाना अथवा 2 अन्य सिपाहियो का हुआ तबादला।

### युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डां0 विक्रांत भूरिया जी का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शहडोल।** यूथ जोडो बूथ जोडो। अभियान कार्यक्रम में पहुंचे म0प्र0 युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डां0 विक्रांत भूरिया जी का ब्यौहारी नगर के प्रथम आगमन पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राबेन्द्र बैस महंत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस बीच कार्यक्रम में पधारे युवा कांग्रेस से जिला अध्यक्ष शहडोल अनुपम गौतम जी, जिला अध्यक्ष उमरिया अब्बू सिंह जी, प्रदेश सचिव मनु सिंह जी, प्रदेश प्रवक्ता शिवम शुक्ला जी, जिला महासचिव सोफियान खान जी, जिला महासचिव रीवा पाण्डेय जी, युवा कांग्रेस विधानसभा मानपुर अध्यक्ष राहुल द्विवेदी जी, विक्रम सिंह जी उमरिया, राहुल प्रियंका सेना जिला अध्यक्ष शेख रब्बानी जी, ब्लाक किसान कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र पाण्डेय जी, नीलेन्द्र शर्मा जी, उप ब्लाक करकी अध्यक्ष व जनपद सदस्य राजेश तिवारी जी, अल्पसंख्यक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अब्बास खान जी, पूर्व सरपंच कैलाश बैस जी, पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष व पार्षद महेन्द्र सिंह अमित जी, नरेन्द्र सिंह बबलू जी, बाबू उर्मिलिया जी, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष कुलभूषण पटेल जी, हरी सिंह जी, रामसुसील शर्मा जी, युवा कांग्रेस ब्यौहारी से नगर अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र पटेल जी, ब्लाक अध्यक्ष करकी प्रहलाद तिवारी जी, ब्लाक अध्यक्ष पपौंध आदित्य मिश्रा जी, ब्लाक अध्यक्ष ब्यौहारी अमरनाथ पटेल जी, उपाध्यक्ष अमरेन्द्र द्विवेदी जी, एन एस यू आई ब्लाक अध्यक्ष अतुल पाठक जी, आई टी सेल अध्यक्ष नागेन्द्र पाण्डेय जी, महासचिव अश्वनी केशरवानी जी, आशू मिश्रा भैयालाल कोल जी सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कमिश्नरेट में तैनात दो उप-निरीक्षक अभय प्रताप और राहुल प्रताप बदमाशों की तलाश के दौरान सड़क हादसे के हुए शिकार




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिशनरेट में तैनात दो उप-निरीक्षक बदमाशों की तलाश के दौरान सड़क हादसे के शिकार हो गए। दोनों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि दनकौर थाने में तैनात उप-निरीक्षक अभय प्रताप सिंह जो दनकौर के सिटी इंचार्ज हैं एक सूचना के आधार पर मथुरा में बदमाशों की तलाश में छापेमारी करने जा रहे थे। कुमार के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक अज्ञात वाहन चालक ने सिंह की कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोट आई। कुमार के अनुसार, सिंह को बेहद गंभीर हालत में उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में बीटा-2 थाना क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक राहुल प्रताप सिंह शनिवार रात सोने की चेन लूटकर भाग रहे बदमाशों का पीछा कर रहे थे, उसी समय वह सड़क हादसे के शिकार हो गए। उन्हें भी उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# मध्य प्रदेश सतना मैहर सिविल अस्पताल से हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही नजर आई है जिसमें एक मां अपनी बच्ची को ब्लड का पैकेट अपने हाथ में ले करके मासूम बच्ची की जान बचाती हुई। मामला मध्य प्रदेश के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल मैंहर जिला सतना का है जिसमे संतोषी रावत की मां अपनी बच्ची को ब्लड का पैकेट अपने हाथ में लेकर घंटों जान बचाती रही । धिक्कार है मध्यप्रदेश शासन का जोकि जुमलेबाज, झूठा वादा, झूठा विकास, हजारों घोषणाएं करती है। अपने आपको मामा कहते हो कहां है नेता, मंत्री, विधायक , मुख्यमंत्री जो कि चुनाव के समय बड़ी बड़ी बातें करते हैं कैसी है आपकी स्वास्थ्य व्यवस्था। जहा पर एक और समस्या चीरघर जिसमें हल्की बारिश हुई तो घुटनों से पानी भर जाता है मैहर प्रशासन के पास उस पानी को बाहर निकालने का कोई उपाय नहीं है जिंदा आदमी मजबूरी में चीरघर के पास जाता है तो ऐसा लगता है डेड बॉडी से पहले स्वयं के प्राण निकल जाएंगे कब बदलेगी मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था



# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हुआ गोद भराई कार्यक्रम

## जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी चिपियाना में गोद भराई कार्यक्रम में हुए शरीक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को जनपद गौतमबुद्ध नगर में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने गोद लिए गांव चिपियाना का भ्रमण किया। चिपियाना के एक आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्होंने उपस्थित आठ गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी भेंट कर उन्हें शुभ कामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए अमित



चौधरी ने कहा- महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त जन कल्याण योजना का लाभ सीधे जनता को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने गांव चिपियाना में संचालित आठ आंगनबाड़ी केंद्रों को यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी को दिया। कार्यक्रम में धरमजीत, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने गांव चिपियाना में संचालित आठ आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया हुआ है। आंगनबाड़ी केन्द्रों की आधारभूत संरचना में सुधार कर वहां आने वाली दिक्कतों को दूर करने और शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कई आंगनबाड़ी केन्द्र जन प्रतिनिधियों ने गोद लिये हुए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया किजनपद के समस्त 1108 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद के विभिनन्न गांवों तथा मालिन बस्तियों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत कुल 2100 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई विभिनन्न जन प्रतिनिधियों तथा आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं ने संपनन्न करायी। उन्होंने बताया-गोद भराई के माध्यम से समाज में यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि गर्भावस्था के दौरान किस प्रकार गर्भवती को उचित तथा संतुलित खानपान एवं दिनचर्या रखनी चाहिए, जिससे वह एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे सके। मां स्वस्थ होगी तभी स्वस्थ शिशु पैदा होगा। उन्होंने बताया कि गोद भराई कार्यक्रम के तहत सभी आंगन बाड़ी केन्द्रों पर गर्भावस्था के दौरान खान-पान के बारे में चर्चा की गई। गर्भवती के वज़न बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा में बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान महिला का वज़न नौ से 11 किलोग्राम बढ़ना चाहिए। यदि महिला कुपोषित है तो वज़न और अधिक ध्यान देना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान समय से जांच कराने, आयरन की गोली का नियमित प्रयोग करने की सलाह दी गयी। इस दौरान विशेष रूप से बताया गया कि प्रसव के एक घंटे के अन्दर पीला गाढ़ा दूध नवजात को जरूर पिलाएं। मां का दूध बच्चे के लिए टीके के समान होता है और यह बच्चे को तमाम बीमारियों से प्रतिरक्षित करता है। शिशु को छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। इसके अलावा कुछ नहीं यहां तक कि छह माह तक पानी भी नहीं देना चाहिए। मां के दूध में पर्याप्त मात्रा में पानी होता है। सभी गर्भवती को संस्थागत प्रसव कराने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया संस्थागत प्रसव सबसे सुरक्षित होता है। इसमें जच्चा बच्चा की जान का जोखिम न के बराबर होता है।

# 14 से 20 सितंबर तक होगा निशुल्क चावल का वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जिला अधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के तहत आच्छादित अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर जुलाई 2022 के सापेक्ष 14 सितंबर से 20 सितंबर 2022 के मध्य 5 किलोग्राम प्रति यूनिट चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के तहत चावल प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी पोर्टेबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा 17 सितंबर से 18 सितंबर 2022 को उपलब्ध रहेगी तथा 20 सितंबर 2022 वितरण की अंतिम तिथि होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यानन्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण संपनन्न किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोविड-19 से उत्पनन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत खाद्यानन्न का निर्बाध रूप से वितरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण के दौरान खाद्यानन्न वितरण कार्य सुबह 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जन सामान्य एवं उचित दर विक्रेताओं से यह भी आह्वान किया कि वितरण के समय उचित दर दुकानों पर भीड़ ने लगाएं एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। जिला पूर्ति अधिकारी ने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वह वितरण समाप्त होने तक अपनी उचित दर दुकानें खुली रखेंगे एवं नोडल अधिकारी की उपस्थिति में वितरण करेंगे। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं को सचेत करते हुए यह भी कहा कि घटतोली की शिकायत की जांच व पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ता संबंधित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तु प्राप्त करें और यदि कोई उचित दर विक्रेता आवश्यक वस्तु नहीं देता तो अपनी तहसील में संबंधित उप जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से शिकायत कर सकते हैं।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 से 3 वर्ष के युवाओं को मिलेगा विवेकानंद यूथ अवाड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ऋषि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास कार्यक्रमों के विभिनन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 से 35 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत विवेकानंद यूथ अवार्ड प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अवार्ड युवाओं को विकास कार्यक्रमों के विभिनन्न क्षेत्रों जैसे खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को विशिष्ट पहचान देने के लिए ?50000 नगद एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा, शाल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अतः जनपद के पात्र इच्छुक युवा उपरोक्त कायी के आधार पर अपना आवेदन कक्ष संख्या 311 विकास भवन गौतम बुद्ध नगर से प्राप्त करते हुए, उसको आगामी 15 सितंबर तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें ताकि शासन को प्रस्ताव भेजा जा सके।

# सेक्टर-62 रामलीला मैदान में मंच निर्माण, पुतला निर्माण का कार्य हुआ शुरू

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया है कि सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में 26 सितंबर से शुरू होने वाले श्रीरामलीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भव्य मंचन हेतु 125 फीट लम्बा, 55 फीट चौड़ा और 7 फीट ऊंचा मंच बनाया जाएगा। मंच पर चढ़ने के लिए पांच सीढ़ियां लगायी जा रही है। अतिथियों के लिए 50 फीट लंबा, 20 फीट चौड़ा व 3 फीट ऊंचा मंच बनाया जाएगा। दर्शकों के बैठने के लिए 3000 कुर्सियां व 500 सोफे लगाये जायेंगे। पुतला निर्माण के लिए 60 फीट लंबा और



30 फीट चौड़ा पंडाल बनाया जा रहा है। कलाकारों के रहर्सल के लिए 10 सेट पंडाल बनाया जायेगा। लीला स्थल में प्रवेश के लिए तीन गेट बनाया जाएगा। आगन्तुकों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जायेगी। फेलिक्स अस्पताल के चिकित्सक आवश्यकता पड़ने पर आगन्तुकों का प्राथमिक उपचार करेंगे। उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के अवसर पर ग्यारह दिनों तक दर्शकों के लिए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा हेतु 200 स्वयंसेवक, निजी सुरक्षा गार्ड और पुलिस की व्यवस्था रहेगी। आग से बचाव हेतु अगिनशमन की उचित व्यवस्था की जायेगी।

# मैहर देहात क्षेत्र में रात मकान गिरने से 5 भैसो की मौत दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** मैहर देहात थाना के ग्राम कासा में भारी बरसात के कारण मकान गिरने से पांच भैसों की मृत्यु हो गई है वही दो महिलाओं के गंभीर रूप से घायल होने पर सतना भेजा गया है जिन का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है सीरियस बताए जा रहे हैं सभी को ग्रामीण जनों के सहयोग से जेसीबी मंगा कर निकाला गया है और अभी मलबा हटाया जा रहा है

# उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन सेक्टर 33 अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया त् प्रेस प्रवक्ता निखिल अग्रवाल ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में नोएडा से ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश के पदाधिकारी सम्मिलित हुए है त् युवा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ वरिष्ठ व्यापारी नेताओं ने इस



कार्यक्रम में शिरकत कर युवाओं में जोश भरने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि पिछले पूरे वर्ष में हमने व्यापारी सम्मान और व्यापारी सेवा के लिए अनेक कार्यक्रम किए त् व्यापारियों को हो रही विभिन्न समस्याओं के लिए अधिकारियों से संपर्क किया गया और उन समस्याओं का निस्तारण करवाया गया नोएडा में हो रही पार्किंग की दिक्कत के लिए समय-समय पर ट्रैफिक पुलिस से मिलकर उस समस्या का भी सुधार करवाया गया त् जैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करेगी और अन्य 5 राज्यों में अपनी टीम निर्धारित करेगी। विकास जैन ने बताया कि इस समय पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल व्यापारी कवच का कार्य कर रहा है किसी भी समस्या के लिए 247 पूरी टीम एक साथ रहती है इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ व्यापारी नेता मूलचंद गुप्ता बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी नेता राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शटरिंग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश मोहन लाल गुप्ता ने विशेष तौर पर इस कार्यक्रम में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया त् जिला अध्यक्ष लघु अग्रवाल ने व्यापार मंडल को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को बधाई दी उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड में नवनीत गुप्ता और मूलचंद गुप्ता को स्थान देने के लिए पुरजोर मांग की और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह को पत्र लिखकर व्यापारी कल्याण बोर्ड में शामिल करने की मांग की वार्षिक मीटिंग में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल प्रवीण गर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंघल अनुज गुप्ता मोहन लाल गुप्ता मनवीर भाटी प्रदेश सचिव परम सिंह चौहान बर्तन एवं क्रोकरी एसोसिएशन से राजेश जिंदल, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग प्रकोष्ठ से अंकित गुप्ता उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित गोयल ग्रेटर नोएडा से अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व प्रभारी विनय सराफ तिगड़ी व्यापार मंडल से प्रभारी राजकुमार सिंघल व तिगड़ी व्यापार मंडल की पूरी टीम सावेरी से प्रभारी संदीप गर्ग मुकुल गर्ग, उपाध्यक्ष नरेंद्र चोपड़ा सचिव नवीन अग्रवाल, एमएसएमई से सुभाष शर्मा व्यापार मंडल से अध्यक्ष योगेश गुप्ता व महामंत्री संदीप अग्रवाल व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

# खबर का असर मैहर अस्पताल में हुई कार्रवाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** जिले के मैहर सिविल अस्पताल में एक बालिका संतोषी केवट को जमीन में बिठाकर ब्लड ट्रांसफ्यूजन किये जाने का ग्रुप सहित अन्य सोशल मीडिया में वायरल होने पर जिले के संवेदनशील कलेक्टर अनुराग वर्मा ने घटना को संज्ञान में लेकर सीएमएचओ डा0अशोक अवधिया को मौके पर पहुंच कर जांच करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 अशोक अवधिया के अनुसार 15 वर्षीय बालिका संतोषी केवट को हीमोग्लोबिन अत्यंत कम होने पर मैहर अस्पताल में बिस्तर अनुपलब्ध होने से जमीन में बेड लगाकर ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया जा रहा था। मौके पर पहुंच कर बालिका को बेड की व्यवस्था करवाई गई और




ट्रांसफ्यूजन किये जाने के बाद बालिका अपने घर चली गई है। ब्लड ट्रांसफ्यूजन की मरीज को उचित व्यवस्था नहीं करने पर मैहर अस्पताल के प्रभारी डा0प्रदीप निगम की एक वेतन वृद्धि और स्टाफ नर्स अंजू सिंह की दो वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए जाकर दाण्डिक कार्यवाही की गई है।

# मैहर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, कट्टा दिखाकर युवती को अगवा करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढा



(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** 15 दिनों तक लगातार महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश के विभिनन्न स्थानों पर पता तलाश के बाद आरोपी कृष्णा सिंह कस्वा भोंगीर (तेलंगाना) से गिरफ्तार आरोपी कृष्णा सिंह पहुंचा सलाखों के पीछे, अपहृत युवती सकुशल बरामद धारा 342, 366, 452, 34 ताहि 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही श्री आशुतोष गुप्ता(भापुसे) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री एस के जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, श्री लोकेश डाबर एसडीओपी मैहर के मार्गदर्शन पर मिली कामयाबी **घटना विवरण-** दिनांक 28.08.2022 को फरियादी रोशनी देवी (परिवर्तित नाम) निवासी मैहर ने रिपोर्ट किया कि शाम करीब 07.00 बजे यह अपने लडकी संजना (परिवर्तित नाम) 24 वर्ष व लडके के साथ घर मे थी तभी ग्राम ओइला का कृष्णा सिंह घर आकर दरवाजा खटखटाया तो इसने दरवाजा खोला तो इसके घर के अंदर से लडकी संजना को खींचकर बाहर ले जाने लगा इसके रोकने पर कट्टा दिखाकर लडकी को जबरदस्ती बाहर खडी सिल्वर रंग की कार मे बैठा लिया उसी कार मे जीतनगर का धीरज शुक्ला भी बैठा था हल्ला गोहार करने पर आरोपी कृष्णा सिंह लडकी को कार मे लेकर भाग गया । रिपोर्ट पर अपराध धारा 342,452,366,34 ताहि का पंजीवद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी मैहर द्वारा वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय सतना द्वारा त्वरित एक टीम गठित की जाकर अपहृत युवती एवं आरोपियों की बनारस उत्तरप्रदेश मे होने की जानकारी मिलने पर दस्तयाबी हेतु रवाना



किया गया । जिस पर गठित टीम द्वारा परम्परागत संसाधनों के सहयोग से घटना के बाद बनारस उत्तरप्रदेश मे छिपकर बैठे सहयोगी आरोपी धीरज शुक्ला को दिनांक 01.09.2022 को पकडा गया जिसने पूंछताछ पर आरोपी कृष्णा सिंह द्वारा लडकी को लेकर बनारस मे गाडी से उतर जाना बताया । सहयोगी आरोपी धीरज शुक्ला को मामले मे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है तथा घटना मे प्रयुक्त सिल्वर कलर की निशान मैगनइट कार को भी जप्त कर लिया गया है । आरोपी कृष्णा सिंह एवं अपहृत युवती के मोबाइल नंवर लगातार बंद होने से कोई जानकारी पुलिस को नही मिल पा रही थी ऐसे मे आरोपी कृष्णा सिंह के पूर्ववृत्त की जानकारी प्राप्त की गई जो पहले मुंबई मे मजदूरी करता था जिसके करीबी एवं संबंधियों के मुंबई (महाराष्ट्र) मे होने की जानकारी मिलने पर उनि हेमंत शर्मा के नेतृत्व मे 05 सदस्यीय टीम को तत्काल मुंबई रवाना किया गया । जिनके द्वारा मुंबई मे दिनांक 31.08.22 से लगातार रुककर अलग अलग स्थानों पर आरोपी के करीबी एवं संबंधियों से पूंछताछ की जाती रही किन्तु मुख्य आरोपी कृष्णा सिंह एवं अपहृत युवती का कोई पता नही मिल पा रहा था उक्त परिस्थितियों मे पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये लगातार उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, रतनगिरी, आन्ध्रप्रदेश एवं तेलंगाना मे स्थानीय मुखबिर की मदद से अपहृता एवं आरोपी की तलाश करती रही व हर संभावित स्थानों पर दविश देते हुये अंततः भोंगीर (तेलंगाना) से आरोपी कृष्णा सिंह को गिरफ्तार किया गया है एवं आरोपी के कब्जे से अपहृत युवती को सकुशल बरामद किया गया है । आरोपी कृष्णा सिंह की गिरफ्तारी उपरांत न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है । अपहृत युवती के न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय मैहर हेमलता अहिरवार के यहां धारा 164 जाफौ के तहत कलमबंद बयान कराये गये जहां अपहृता ने आरोपी से 07-08 साल से प्रेम संबंध होना बताया तथा घटना दिनांक को फोन करके घर मिलने बुलाना एवं आरोपी द्वारा जबरजस्ती कार मे ले जाना बताया । अपहृत युवती ने बयान मे आरोपी के साथ खुश रहना एवं उसी के साथ शादी करने की इच्छा जाहिर की है । मामले की विवेचना जारी है तथा विभिनन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है । **जप्ती विवरणः-** बिना नंवर की सिल्वर रंग की निशान मैगनइट कार कीमती 10 लाख रु. एवं घटना मे प्रयुक्त 01 नग कट्टा की मैंगजीन **नाम पता गिरफ्तार आरोपीः-** 1. कृष्णा सिंह पिता स्व. सोरन सिंह 28 वर्ष निवासी ओइला थाना मैहर 2. धीरज शुक्ला उर्फ बेटा महराज पिता ओंकार प्रसाद शुक्ला 36 वर्ष निवासी जीतनगर मैहर **विशेष भूमिकाः-** उपरोक्त सनसनीखेज घटना के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी एवं अपहृत युवती की सकुशल बरामदगी मे निरीक्षक संतोष तिवारी थाना प्रभारी मैहर के नेतृत्व मे, उनि हेमंत शर्मा, उनि अजय अहिरवार, प्रआर. राजभान सिंह, लक्ष्मीनारायण रावत, पंकज मिश्रा, अनिल सिंह, नीरज सिंह, आर. शैलेन्द्र सिंह एवं सायबर सेल प्रभारी उनि अजीत सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

# सलमान खान के शो में अब होगी 'गंदी बात', OTT की ये बोल्ड एक्ट्रेस 'बिग बॉस' के घर में मचाएंगी तबाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान के विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 16वें सीजन का आगाज जल्द ही होने वाले है। शो के दो प्रोमो भी आउट हो चुके हैं। इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर लगातार अपडेट सामने तस्वीरें तहलका मचाती हैं। फ्लोरा को ओटीटी क्वीन भी कहा जाता है उन्होंने गंदी बात, सिटी ऑफ ड्रीम्स, मेड इन इंडिया, इनसाइड एज में अपनी बोल्डनेस का तड़का लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो बिग बॉस 16 के लिए फ्लोरा 15 सालों से बिग बॉस सबका गेम देख रहे हैं, इस बार वो अपना गेम खुद खेलेंगे। जिससे कयास लगने लगे कि शायद बिग बॉस को अपनी आवाज देने वाले अतुल कपूर खुद भी इस बार गेम का हिस्सा होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो

आ रहे हैं। ताजा खबरों के अनुसार 'गंदी बात' और 'इनसाइड एज' फेम फ्लोरा सैनी भी इस बार 'बिग बॉस' के घर में नजर आने वाली हैं। इससे पहले इस सीजन के लिए मुनव्वर फारुकी और छोटे पर्दे की बहू कनिका मान का नाम भी सामने आ चुका है। फ्लोरा सैनी सोशल मीडिया पर कापी पॉपुलर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके वीडियो और सैनी को भी अप्रोच किया गया है। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी कंटेस्टेंट्स कौन-कौन हैं यह तो शो शुरू होने के बाद ही पता चलेगा। हाल ही में शो के दो प्रोमो सामने आए जिसे देखने के बाद कोई भी अंदाजा नहीं लगा पा रहा है कि इस बार की थीम आखिर क्या होगी? सलमान खान पहले प्रोमो में कहते नजर आए कि इस की शुरुआत 1 अक्टूबर से होने वाली है। अभी तक मिली जानकारी के हिसाब से तो इस बार राज कुंद्रा, मुनव्वर फारूकी, कनिका मान, ट्विंकल कपूर, शिविन नारंग नजर आ सकते हैं। हालांकि अभी तक किसी भी कंटेस्टेंट के नाम पर आधिकारिक तौर पर मुहर नहीं लगी है। फैंस एक बार फिर अपने कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो के देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

# 'ब्रह्मास्त्र' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका, छठे दिन भी की ताबड़तोड़ कमाइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की 'ब्रह्मास्त्र' बॉक्स ऑफिस पर धांसू कमाई कर रही है। इसकी रफ्तार देखकर ही अंदाजा हो रहा है कि फिल्म 10 दिनों के अंदर ही 200 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली है। जरूर लगा और इसने सोमवार को सिर्फ 16.5 करोड़ का कलेक्शन किया। मंगलवार को यह आंकड़ा और घटा, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 12.68 की कमाई की और इसके बाद बुधवार को आंकड़े और भी नीचे रहे। 'ब्रह्मास्त्र' ने बुधवार को 11 करोड़ का कलेक्शन




अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र' के लिए अच्छी खबर यह है कि इस हफ्ते भी इस फिल्म के सामने कोई बड़ी रिलीज नहीं है। जिसका फायदा इसे निश्चित तौर पर मिलने वाला है। ब्रह्मास्त्र' ने पहले दिन के कलेक्शन से भी साबित कर दिया था कि उसकी कमाई पर बायकॉट गैंग का कोई असर नहीं दिखने वाला है। 36.42 के जबरदस्त ओपनिंग डे बाद इस फिल्म ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। दूसरे दिन के बिजनेस में और उछाल आया, इसके साथ ही आंकड़ा पहुंच गया 42.41 करोड़ पर। रविवार को 'ब्रह्मास्त्र' ने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और फिल्म ने 45.66 करोड़ का धुआंधार कलेक्शन किया। हालांकि, फिल्म की कमाई पर वीकेंड में कुछ ब्रेक किया। वैसे वीक डे के हिसाब से यह आकड़े अच्छे ही कह जाएंगे। 'ब्रह्मास्त्र' का टोटल कलेक्शन 164.67 करोड़ रुपये हो गया है। इस शुक्रवार 'जहां चार यार' और 'सरोज का रिश्ता' रिलीज हो रही हैं। कोई बड़ी फिल्म सामने आ होने के कारण लोगों के सामने फिल्म देखने के नाम पर ऑप्शन में सिर्फ 'ब्रह्मास्त्र' होगी, जिसके चलते रणबीर-आलिया की फिल्म का कलेक्शन बढ़ने की पूरी उम्मीद है। इसके साथ ही 10 दिनों के अंदर 'ब्रह्मास्त्र' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ पार हो जाएगी। बता दें कि ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में कंगना रनोट ने इस कलेक्शन को फर्जी बताया।

# आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म 'डॉक्टर जी' की रिलीज डेट आई सामने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह और शेफाली शाह जल्द ही जंगली पिक्चर्स की फिल्म डॉक्टर जी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म कहानी एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्रों के मुश्किल भरा साबित हो सकता है, क्योंकि 24 अक्टूबर को इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म थैंक गॉड भी रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अभिनेत्री सिद्धार्थ मल्होत्रा की पतनी और एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रही के किरदार में नजर आने वाले हैं। तो वहीं, रकुल उनकी सीनियर का रोल प्ले कर रही हैं। जबकि शेफाली शाह शबीना चड्ढा की भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की घोषणा एक्टर आयुष्मान खुराना ने दिसंबर 2020 में अपने इंस्टाग्राम



इर्द-गिर्द घुमती हुई दिखाई देगी, जोकि कॉमेडी से भरपूर होगी। अब डॉक्टर जी की रिलीज डेट को लेकर जानकारी सामने आ रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि ये फिल्म अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। समाचार वेबसाइट पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी ये फिल्म 14 अक्टूबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। डॉक्टर जी अगर 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होती है तो ये रकुल प्रीत सिंह की लिए थोड़ा हैं, जबकि अजय देवगन चित्रगुप्त का किरदार प्ले कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अजय देवगन की ये फिल्म कानूनी विवादों में फंस गई है। आपको बता दें, इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह और शेफाली शाह के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की भूमिका में नजर आने वाले हैं। जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'डॉक्टर जी' में अभिनेता आयुष्मान खुराना पहली बार डॉक्टर के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में आयुष्मान डॉक्टर उदय पर एक फोटो शेयर कर की थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि वो जल्द ही पहली बार डॉक्टर के किरदार निभाने वाले है और इसके लेकर काफी उत्साहित भी हैं। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का डायरेक्शन अनुभूति कश्यप कर रही हैं। साथ ही अनुभूति इस फिल्म से डायरेक्शन के क्षेत्र में अपना डेब्यू कर रही हैं। वहीं, जंगली पिक्चर्स के साथ आयुष्मान खुराना की तीसरी फिल्म है। इससे पहले अभिनेता 'बरेली की बर्फी' और 'बधाई हो' जैसी सुपरहिट फिल्म बना चुके हैं।

# दीपिका पादुकोण ने शेयर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें, फैंस ने जमकर बरसाया प्यार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर की है। उन्होंने कुल 5 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें खूबसूरत ड्रेस पहनकर बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है। दीपिका पादुकोण इसमें काफी खूबसूरत लग रही हैं। दीपिका पादुकोण ने इस अवसर पर मेकअप कर रखा है। उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी हैत् उन्होंने ईयररिंग भी पहन रखी है। वहीं उनके बालों की स्टाइलिंग भी की गई है दीपिका पादुकोण ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'यह मेरे लिए आखिरी है' दीपिका पादुकोण ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'यह मेरे लिए आखिरी है।' इसके साथ उन्होंने एक दिल



की इमोजी भी शेयर की है पहली तस्वीर में वह कैमरे की ओर देख रही है यह क्लोजअप तस्वीर है इसकी बाद की तस्वीर में वाइड है इसमें उनका खूबसूरत ड्रेस भी नजर आ रहा हैं वहीं तीसरी फोटो में वह आगे की ओर देख रही हैं चौथी फोटो में वह अलग अंदाज में पोज दे रही हैत्दीपिका पादुकोण की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है इसे आधे घंटे में 2 लाख लाइक्स मिले हैं वहीं तस्वीरों पर 1500 से ज्यादा कमेंट किए गए हैं कई लोगों ने तस्वीरों पर हॉट लिखा है वहीं एक अन्य ने लिखा है, 'ऑसम' एक ने लिखा है, 'फायर' एक ने लिखा है, 'आपकी आंखें खूबसूरत है' एक ने लिखा है, 'बेबी एक ने लिखा है।

# किंग खान की पत्नी गौरी बनीं होस्ट शाहरुख खान ने किया शो का ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान की गॉजियस वाइफ गौरी खान का तकरीबन 15 वर्षों से इंटिरियर डिजाइनिंग कर रही हैं। अब वह जल्द ही इसी पर आधारित अपना लिए उत्साहित हूं।शाहरुख ने डिटेल शेयर कर बताया कि यह शो 16 सितंबर, 2022 से शुरू हो



अलग ही चार्म है। वह फिल्मी दुनिया का हिस्सा हैं, लेकिन मूवी में नजर नहीं आतीं। किंग खान की वाइफ इंटिरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में कमाल का काम करती हैं। उनकी पहचान बेहतरीन इंटिरियर डिजाइनर के रूप में तो है ही, अब वह होस्टिंग की दुनिया में भी कदम रखने जा रही हैं। यह बिलकुल सच है और इस बात का खुलासा किया है किंग खान यानी कि शाहरुख खान ने। गौरी खान एक शो लेकर आ रही हैं और वह इसे खुद की होस्ट करेंगी। शो का नाम होगा 'ड्रीम होम विथ गौरी खान।' शाहरुख ने बीवी गौरी खान के इस शो को प्रोमो शेयर किया है। अपनी वाइफ के शो का प्रोमो शेयर करते हुए शाहरुख ने लिखा, 'वह प्रोजेक्ट जो मेरे दिल के बहुत करीब है। घंटों की डिजाइनिंग और किसी घर को खूबसूरत सा मेकओवर देना। यह एक जर्नी है। में वाइफ को होस्ट करता देखने के रहा है। इसे मिर्ची प्लस ऐप और यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। इस शो में शाहरुख और गौरी के क्लोज फ्रेंड्स और टॉप बॉलीवुड सेलेब्रिटी दिखेंगे। इसमें कटरीना कैफ, फराह खान, कबीर खान, मलाइका अरोड़ा, आदि नाम शामिल हैं। यह सभी गौरी को बताएंगे कि उन्हें किस तरह से अपना घर डिजाइन किया हुआ चाहिए और गौरी उनकी डिमांड के अनुसार घर को वैसे ही डिजाइन करेंगी।

# मेघा गुप्ता ने बेड पर दिए ऐसे बोल्ड पोज, देख कर फैंस के उड़े होश


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे का फेमस जासूसी शो 'ण्घ्' को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। इस शो ने कई सालों तक थ्रिलर और सस्पेंस का मजा दिया है। इसकी कहानियों के साथ ही 'ण्घ्' का हर कलाकार भी फैंस के बीच में काफी पसंद किया जाता है। फिर जो एक्टिंग से कहीं ज्यादा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। ये कोई और नहीं बल्कि 'ण्घ्' में इंस्पेक्टर का रोल प्ले करने वाली मेघा गुप्ता हैं। इसी बीच मेघा की एक बोल्ड तस्वीर इंटरनेट पर आग लगा रही है। यहां देखें तस्वीर सीआईडी की इंस्पेक्टर मेघा गुप्ता एक्टिंग



चाहे वो एसीपी प्रद्युमन हो फिर दया आज भी हर किसी की अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। लेकिन इस शो की एक ऐसी कलाकार हैं के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी हॉट फोटोज शेयर करती रहती हैं। इसी बीच मेघा ने अपनी एक लेटेस्ट तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। इस तस्वीर में वो बेड पर बैठी हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने सिर्फ एक शर्ट पहनी हुई है और वहीं पोज देने के लिए उन्होंने अपने शर्ट के बटन को ओपन कर रखा है।

# मौनी रॉय हाथ में ग्लास लेकर डांस करती आई नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है इसमें उन्हें मालदीव में वेकेशन मनाते हुए देखा जा सकता है इसमें उन्हें खूबसूरत ड्रेस पहनकर हाथ में ग्लास लेकर डांस करते हुए देखा जा सकता है मौनी राय इसमें काफी खूबसूरत लग रही हैं उन्होंने अपने बाल खोल रखे हैं और वह डांस करती हुई नजर आ रही हैं इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'मैं मेरे पैरों से प्यार करती हूं मैं लाइट फिटिंग पर डांस करती हूं मौनी रॉय के वीडियो को 1 घंटे में दो लाख से ज्यादा लाइक्स मिले है मौनी रॉय ने इसे कई लोगों को टैग भी किया है मौनी रॉय के वीडियो को 1 घंटे में दो लाख से ज्यादा लाइक्स मिले हैं वहीं, इस पर एक हजार से ज्यादा कमेंट किए गए हैं कई लोगों ने इस पर लव यू,



जुनून, यू कैन किल द डांस, लव यू, नाइस डांस डियर बस एक ही ड्रिंक में, कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है, क्वीन ऑफ डांस, डांस का भूत जैसे कमेंट किए हैंत्मौनी रॉय की हाल ही में फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज हुई है इस फिल्म में उनके अलावा रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन की अहम भूमिका हैत् इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है यह फिल्म वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस पर ढाई सौ करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार करती है यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज हुई है मौनी रॉय कई टीवी शोज में भी नजर आ चुकी हैं इनमें नागिन भी शामिल है मौनी रॉय ने सूरज नांबियार से शादी कर ली है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों की जोड़ी को फैंस भी काफी पसंद करते है।

# कंगना रनोट ने विक्की कौशल की फिल्म के डायलॉग से किया 'इमरजेंसी' की टीम उत्साहवर्धन, देखें वीडियो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनोट अपने बेबाक अंदाज के चलते काफी चर्चा में रहती हैं। वो इमरजेंसी की पूरी टीम के साथ नजर आ रही हैं और अपनी अपनी टीम का उत्सावर्धन करती हुई दिख रही हैं।इस वीडियो को कंगना रनोट हैं। वहीं, अभिनेत्री ने अपनी इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने अपनी टीम की तारीफ करते हुए एक खास कैप्शन भी लिखा



वो अक्सर देश के कई समसामयिक मुद्दों पर अपनी राय भी व्यक्त करती रहती हैं। इन दिनों अपने ड्रीम प्रोजेक्ट इमरजेंसी की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब उन्होंने बुधवार शाम एक वीडियो साझा किया है, जिसमें ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किए है। वीडियो में वो अपनी फिल्म की टीम के साथ मिलकर बहुतचर्चित फिल्म उर्री द सर्जिकल स्ट्राइक के फेमस डायलॉग 'हाउज द जोश' बोलती दिख रही है। कंगना द्वारा शेयर इस वीडियो चंद ही घंटों में कई हजार लाइक्स मिल चुके हैं और फैंस कमेंट उनकी तारीफ कर रहे हैं। इमरजेंसी में कंगना रनोट पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखाई देंगी। ये राजनीतिक ड्रामा फिल्म इमरजेंसी एक किताब पर आधारित हो सकती है। हालांकि अभी इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। इस फिल्म का निर्माण कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणीकर्णीका फिल्म्स के बैनर तले किया गया जा रहा है। बता दें कि, साल 1975 में प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाए जाने की घोषणा की थी, जिसके बाद 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने तक पूरे देशभर में इमरजेंसी लगी थी। वहीं, कंगाना रनोट इमरजेंसी से पहले सर्वेश मारवा के निर्देशन में बनी फिल्म तेजस में नजर आने वाली हैं इस फिल्म में कंगना एक भारतीय वायु सेना के आधिकारी के मुख्य किरदार में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्माण आरएसवीपी मूवीस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया गया है।

# पर्दे पर भी राजनीति करती दिखेंगी जया प्रदा दिवंगत नेता अमर सिंह की आखिरी फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा जया प्रदा ने एक्टिंग के साथ राजनीति में भी खूब नाम कमाया है। अपने करियर में जया ने कई सुपरहिट फिल्में दी है। इसी बीच अब जया अपनी अपकमिंग फिल्म 'बधाई हो बेटी हुई हैं' को लेकर सुखियों में हैं। इस फिल्म में दिखाया गया है जहां एक ओर आज भी समाज में बेटियों को लेकर लोगों की सोच बदली नहीं है। वहीं दूसरी तरफ एक परिवार में बेटी होने पर जशन्मनाया जाता है। अपनी बेटी को समाज में आगे बढ़ने कुछ कर दिखाने का मौका देता है।'बधाई हो बेटी हुई है' की कहानी की बात करें तो ये यूपी-बिहार के एक परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां एक मिडिल क्लास फैमिली की बेटी पढ़ लिख कर आईएएस बन जाती है और भ्रष्ट राजनेताओं के खिलाफ खड़ी होती है। उसके रास्ते में अनेक बाधाएं आती हैं, लेकिन वह हार नहीं मानती। फिल्म में आईएएस ऑफिसर का रोल एक्ट्रेस यामिनी स्वामी निभा रही है। एक्टिंग




करने के साथ ही यामिनी इस फिल्म की राइटर डायरेक्टर भी हैं। फिल्म की शूटिंग रांची, मुंबई और दिल्ली में हुई है। यह फिल्म फेमस फिल्म निर्माता, लेखक और निर्देशक प्रदीप सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई है। प्रदीप की खास बात ये है कि उन्हें महिला केंद्रित फिल्मों के लिए जाना जाता है। इससे पहले भी वो कई वुमेन सेंट्रिक फिल्में बना चुके हैं। इससे पहले उन्होंने 'मर्दानी', 'लगा चुनरी में दाग', 'परिणीता', 'हेलीकॉप्टर ईला' जैसी फिल्में बनाई हैं।आपको बता दें कि ये अभिनेता और राजनेता अमर सिंह की आखिरी फिल्म हैं। इस फिल्म में अमर सिंह विपक्ष के नेता के रोल में हैं। वहीं जया प्रदा मुख्यमंत्री के दमदार रोल में हैं। फिल्म में खास बात ये देखने को मिलेगी कि असल जीवन के राजनेता फिल्म में भी राजनीति करते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों नेताओं को देखना वाकई दिलचस्प होगा। जया और अमर सिंह के अलावा मूवी में टेलीविजन एक्टर आर्यमन सेठ, पीयूष सुहाने, कमल मलिक और अरमान ताहिल भी नजर आएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।